भ्रान्तिनिवारण ॥

अर्थात्

पण्डित महेशचन्द्र न्यायरत्न आदि कृत वेदभाष्य
परत्व प्रश्न पुस्तक का
पण्डित स्वामीदयानन्दसरस्वती जी की ओर से
प्रत्युत्तर

यज्ञदत्त शर्मा शास्त्री के प्रबन्ध से
वैदिकयन्त्रालय
अजमेर में मुद्रित हुआ

संवत् १९४८ मार्ग शीर्ष शुक्ला ६

तृतीय बार २००० पुस्तक छपी

मूल्य ‌/)।

डाक व्यय)॥

वैदिकयन्त्रालय अजमेर के पुस्तकों का सूचीपत्र
और संक्षिप्त नियम ।

(१) मूल्य रोक भेज कर मंगावें (२) रोक भेजने वालों को १०) रु० वा इस से अधिक पर २०) रु० सैकड़ा के हिसाब से कमीशन के पुस्तक अधिक भेजें जांयगे (३) डांक महसूल वेदभाष्य छोड़ कर सब से अलग लिया जायगा ५) रु० इस से अधिक के पुस्तक ग्राहक की आज्ञानुसार रजिस्टरी भेजें जाँय गे (४) मूल्य नीचे लिखे पते से भेजें ॥

ऋग्वेदभाष्य अं० १—१४७	४९)	
यजुर्वेदभाष्य सम्पूर्ण	२९)	
	मू०	डा०
ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका		
विना जिल्द की	३)	≡)
" जिल्द की	३॥)	।)
वर्णोच्चारणशिक्षा	-)	)॥
सन्धिविषय	≡)॥	)॥
नामिक	≡)॥	)॥
कारकीय	-)॥	)॥
सामासिक	≡)॥	)॥
स्त्रैणताद्धित	१≡)	-)
अव्ययार्थ	-)॥	)॥
सौवर	=)॥	)॥
आख्यातिक	१॥)	=)॥
पारिभाषिक	≡)॥	)॥
धातुपाठ	=)	)॥
गणपाठ	-)	)॥
उणादिकोष	॥=)	-)
निघण्टु	=)	)॥
अष्टाध्यायी मूल	-)॥	)॥
संस्कृतवाक्यप्रबोध	≡)	)॥
हवनमन्त्र	)॥।	)॥

	मू०	डा०
व्यवहारभानु	≡)	)॥
भ्रमोच्छेदन	)॥।	)॥
अनुभ्रमोच्छेदन	)॥।	)॥
मेलाचांदापुर	-)	)॥
आर्योद्देश्यरत्नमाला	-)	)॥
गोकरुणानिधि	-)	)॥
स्वामीनारायणमतखण्डन गुजराती	)॥	)॥
वेदविरुद्धमतखण्डन	-)	)॥
स्वमन्तव्याऽमन्तव्यप्रकाश	)॥	)॥
शास्त्रार्थ फीरोज़ाबाद	≡)	)॥
शास्त्रार्थकाशी	-)	)॥
आर्य्याभिविनय	।)	-)
" जिल्द की	।≡)	-)
वेदान्तिध्वान्तनिवारण	-)	)॥
भ्रान्तिनिवारण	-)।	)॥
पञ्चमहायज्ञविधि	≡)॥	)॥
" जिल्द की	।=)॥	-)
आर्य्यसमाज के नियमोपनियम	)	)॥
सत्यार्थप्रकाश	२)	≡)॥
संस्कारविधि	१॥)	=)

मेनेजर—वैदिकयन्त्रालय—अजमेर

भूमिका ॥

विदित हो कि जो मैंने संसार के उपकारार्थ वेदभाष्य के बनाने का आरम्भ किया है कि जो सब प्राचीन ऋषियों की की हुई व्याख्या और अन्य सत्यग्रन्थों के प्रमाण युक्त बनाया जाता है जिस से इस बात की साची वे सब ग्रन्थ आज पर्यन्त वर्त्तमान हैं। और मेरे बनाये मासिक अङ्कों में भी विद्वानों के समझने के लिये संकेतमात्र जहां तहां लिखदिये हैं कि देखनेवालों को सुगमता हो। और किसी प्रकार की भ्रांति वा शंका मेरे लेख पर हो कर वृथा कुतर्क खड़ी कर के कोई मनुष्य मेरे काल को न खोवे कि जिससे देश भर की हानि हो। और उस को भी कुछ लाभ नहो। परन्तु बहुधा संसारमें यह उलटी रीति है कि लोग उत्तम कर्म कर चुके और करते हुये को देख कर ऐसे प्रसन्न नहीं होते जैसे कि निषिद्ध कर्म वा हानि को देख कर होते हैं। जो मैं निरानिरी संसार ही का भय करता और सर्वज्ञ परमात्मा का कुछ भी नहीं कि जिस के आधीन मनुष्य के जीवन मृत्यु और सुख दुःख हैं तो मैं भी ऐसे ही अनर्थक वाद विवादों में मन देता परन्तु क्या करूं मैं तो अपना तन मन धन सब सत्य के ही प्रकाशार्थ समर्पण करचुका मुझसे खुशामद करके अब स्वार्थ का व्यवहार नहीं चल सकता। किन्तु संसार को लाभ पहुंचाना ही मुझको चक्रवर्त्ती राज्य के तुल्य है। मैं इस बात को प्रथम ही अच्छे प्रकार जानता था कि न्यारिये के समान बालू से सुवर्ण निकाल ने वाले चतुर कम होंगे किन्तु मलीन मच्छी की नाईं निर्मल जल को गदला करने और बिगाड़ने वाले बहुत हैं। परन्तु मैं ने इस धर्म कार्य का सर्वशक्तिमान् सत्यग्राहक और न्याय संबन्धी परमात्मा के शरण में सीस धर के उसी के सहाय के अवलम्ब से आरम्भ किया है॥

मैं यह भी जानता था कि इस ग्रंथ के विषय में जो शंका होंगी तो कम विद्वान् और ईर्ष्या करनेवालों को होंगी। परन्तु बड़े आश्चर्य की बात है कि कोई विद्वान् भी इसी अन्धकार में फिसल पड़े और इतना न हुआ कि आंख खोल कर अथवा लालटेन लेकर चलें कि जिस में चाल चूकने पर हांसी और दुःख न हो। यह पूर्व बिचार करना बड़े विद्वान् अर्थात् दीर्घदृष्टि वाले का काम है नहीं तो गिरे की लज्जा का फिर क्याहो ठीकहै इस वेदभाष्य के विषय में पहिले आर ग्रिफिथ साहब सी॰एच टानी और पण्डित गुरुप्रसाद आदि पुरुषों ने कहीं२ अपनी सामर्थ्य के अनुसार पकड़ की थी सो उन का उत्तर तो अच्छे प्रकार दे

दिया गया था। परन्तु अब पण्डित महेशचन्द्र न्यायरत्न जो आफीशियेटिंग पिरंसीपिल कलकत्ते में के संस्कृत कालेज के हैं। उन्होंने भी पूर्वोक्त विद्वान् पुरुषों का रंग पकड़ कर सन के छूछे गोले चलाये हैं। इसलिये यद्यपि मेरा बहु अमूल्य समय ऐसे तुच्छ कामों में खर्च होना न चाहिये। परन्तु दो बातों की सिद्धि समझ कर संक्षेप से कुछ लेख करना अवश्य जानता हूं। एकतो यह कि ईश्वरकृत सत्यविद्यापुस्तक वेदोंपर दोष न आवे कि उनमें अनेक परमेश्वर की पूजा पाई जाती है। और दूसरे यह कि आगे को मनुष्यों को प्रकट होजाय कि ऐसी २ व्यर्थ कुतर्क फिर खड़ी करके मेरा काल न खोवें क्योंकि इस से कई कठिन शंका तो मेरे बनाए ग्रंथों ही के ठीक २ मन लगा कर विचारने से ही निवारण हो सकती हैं। फिर निष्प्रयोजन मेरा सर्वहितकारी काल क्यों खोते हैं। यह दोष इस देश में बहुत काल से पड़ाहुआ है। अर्थात् महाभारत के युद्ध में जब अच्छे२ पूर्ण विद्वान् वेद और शास्त्रादिक के जाननेवाले चल बसे। विद्या का प्रचार तथा सत्य उपदेश की व्यवस्था छूट कर तमाम देश में नाना प्रकार के विघ्न और उपद्रव उठने लगे। लोगों ने अपना २ छप्पर अपने २ हाथ से छाने की फिकर की और इस थोड़े से सुख के लोभ में उत्तम २ विद्याओं को ऐसा हाथ से खो बैठे कि जिस से उनका बिचारा हुआ लाभ भी नष्ट होगया और तमाम अपने देश को भी धर कर डुबा दिया बड़े शोक की बात यह है कि आंखों से देख कर भी कूप में ही गिरना अच्छा समझ कर अपनी अज्ञानता पर दुःखी और लज्जा- मान् होने की जगह भी बराबर हठ ही करते चले जाते हैं। इस का परि- णाम न जाने क्या होना है। दूसरा कारण आर्यों के बिगाड़का यहभी है। उन को जैन लोगों ने बहुत कुछ दबाया और सत्यग्रंथों का नाश किया। फिर इन्हीं के समान मुसलमानों ने भी अपने धर्म का पक्ष करके दुःख दिया। और जब से अङ्गरेजों ने इस देश में राज किया तो इन्होंने यह बात बहुत अच्छी की कि सब प्रकार की विद्याओं का प्रचार कर के प्रजा को समानदृष्टि से सुधारा। परन्तु कुछ २ निज धर्म का पक्ष करते ही रहे। इसी से लोगों का उत्साह भी कमती होता गया। और आज तक वेदों का प्रचार और सत्यउपदेश का प्रबन्ध ठीक २ होता तो किसी को शंका भ्रान्ति और हठ वेद के विरुद्ध नवीन कल्पित मत मतान्तर का न होता। जैसा कि पंडित महेशचन्द्र का गुमान है यह केवल उनका वेदों से विमुखहोने का कारण है इसलिये उन की भ्रांति निवारण विषय में कुछ लिखा जाता है॥ इति

दयानन्दसरस्वती

ओम्

पण्डित महेशचन्द्रन्यायरत्नकृत वेदभाष्यपरत्वमन्त्रपुस्तक का पण्डित स्वामीदयानन्दसरस्वती जी की ओर से उत्तर—

पं॰ महेशचन्द्रन्याय॰ जीने विरुद्ध पंडितों के साथ में अपनी राय दी है तो उन्हीं के उत्तर में इन का भी उत्तर मेरी ओर से जान लेना ॥

पं॰ महेश॰ पण्डित दयानन्द सरस्वतीजी के परिश्रम विद्या और पण्डिताई निस्संदेह प्रशंसा योग्य है परन्तु उन का कुछ फल मालूम नहीं देता ॥

स्वामीजी॰ सम्मति देनेवालों की निर्पक्षता और न्याय तो उन के कथन से ही प्रत्यक्ष है कि जिस को छोटे विद्वान् लड़के भी जान लेंगे। क्योंकि पंडितजी लिखते हैं कि स्वा॰ जी सब तरह विद्या आदि पूर्ण गुण युक्तहोने से प्रशंसायोग्य हैं परन्तु कुछ फलदायक नहीं। तो उन का यह कथन पूर्वापर विरोधी है और इस में उन का हठ वा वेद विद्या से विमुखता साबित होती है ॥

पं॰ महेश॰ स्वामीजी का यह गुमान वा अभिप्राय है कि वेद में एक परमेश्वर की पूजा ठीक है। तथा सब संसारीविद्या और वर्त्तमानकाल की कलाकौशलादि पदार्थविद्या वेदोंसे ही निकली है। इत्यादि बातें उनका काम मट्टी करदेतीहैं।

स्वा॰ जी इस बातका उत्तर में गिरीफिथ साहब के उत्तर में दे चुका हूं। जब पण्डितजी के विचार से वेदों में एक परमेश्वर की उपासना नहीं है तो उन को उचित था वा अब भी चाहिये कि कोई मंत्र वेदों में से लिखकर यह बात सिद्ध करदें कि वेदों में अनेक परमेश्वरों का होना सिद्ध है। क्योंकि उन्होंने वेदमंत्रों में से कोई प्रमाण अपने पक्ष की पुष्टि के लिये नहीं लिखा। इस से इनके मन का अभिप्राय खुलगया और उन की विद्या की थाह मिलगई कि उन्हों ने जो अटकलपच्चू कूप शब्द के समान चतुराई दिखलाई है। ये सब किसी ईर्ष्यक स्वार्थी विद्याहीन और पक्षपाती मनुष्य के फुसलाने से वा अपनी ही थोड़ी सामग्री अर्थात् हलदी की गांठ के बल से लिखकर बैठ रहे। कि जिस में वृथा कीर्त्ति देश में होजावे। सो पं॰ जी यह न समझें कि भारतवर्ष में विद्वान् नहीं रहे। और मैं तो अपनी थोड़ी सी विद्या और बुद्धि के अनुसार जो कुछ लिखूंगा वह सब को मालूम होता जावेगा और जितना कर चुका वह जान लिया होगा। और कदायह व्याघ्र की खाल किसी दिन उघड़ कर सब कलई खुलजावेगी।

चित् पण्डित जी ने भी समझ लिया होगा परन्तु मूक के समान संसारी और कल्पित भय से कंद का स्वाद जान कर यथार्थ और निर्पक्षता से कह और मान नहीं सकते हैं। परमात्मा की कृपा से मेरा शरीर बना रहा और कुशलता से वह दिन देख मिला कि वेदभाष्य संपूर्ण हो जावे तो निस्सन्देह इस आर्य्यावर्त्त देश में सूर्य्य का सा प्रकाश हो जावेगा। कि जिस के मेटने और झांपने को किसी का सामर्थ्य न होगा। क्योंकि सत्य का मूल ऐसा नहीं कि जिस को कोई सुगमता से उखाड़ सके। और कभी भानु के समान ग्रहण में भी आ जावे तो थोड़े ही काल में फिर उग्रह अर्थात् निर्मल हो जावेगा॥

पं० महेश०—स्वामी जी हिन्दुओं के धर्मप्रचारी ग्रन्थों को नहीं मानते कि जिन में कर्मकाण्ड और होमादिक का विधान है किन्तु केवल वेदों ही की तरफ खिचते हैं। इस से मेरी समझ से तो उन को यही उचित है कि वेदों को भी एक तरफ डाल कर अपनी युक्ति और बुद्धि ही के अनुसार वर्ताव वर्त्तें॥

स्वा० जी-इस जगह पण्डित जी की और भी बढ़ कर भूल साबित होती है। तथा जाना जाता है कि उन्हों ने प्राचीन सत्य ग्रन्थ कभी देखे भी नहीं और कल्पना किया कि देखे हों तो केवल दर्शनमात्र किया हो। नहीं तो खाली तुर्क न मिलाते। अब कोई साहब पण्डित जी से पूछे कि उन्हों ने हिंदु शब्द कौन से ग्रंथ में देखा है कि जिस के अर्थ गुलाम वा काफिर आदि के हैं और जो कि आर्य्यावर्त्तियों को कलंक रूप नाम यवनादिक की ओर से है और आर्य्य शब्द जिस के अर्थ श्रेष्ठ के हैं वह वेदों में अनेक ठिकाने मिलता है। सो पण्डित जी नौका में धूर उड़ाते हैं। सो कब हो सकता है। और भूषण को दूषण कर के मानते हैं तो माना करो परन्तु विद्वानों और पूर्ण पण्डितों की ऐसी उलटी रीति निज धर्मशास्त्र से विरुद्ध कभी नहीं होगी। आगे वे लिखते हैं कि स्वा० जी धर्मप्रचारी ग्रन्थों को ही नहीं मानते हैं कि जिन में कर्मकाण्ड का विधान है तो यह बड़े तमाशे की बात है कि न तो पण्डित जी ने कभी मुझ से मिल कर चिरकाल विचार किया और न उन्हों ने मेरे बनाये हुये ग्रन्थ देखे किन्तु प्रथम ही मेरे मानने न मानने के विषय में अपना सिद्धान्त कर बैठे। तो यह वही बात हुई कि सोवें झोंपड़े में और स्वप्न देखें राजमहलों का। क्योंकि मैं अपने निश्चय और परीक्षा के अनुसार ऋग्वेद से ले के पूर्व मीमांसा पर्य्यन्त अनुमान से तीन हजार ग्रन्थों के लग भग मानता हूं। तथा कर्मकाण्ड के विषय में यह उत्तर है कि मेरा मत वेद पर है। इसलिये जो २ कर्मकाण्ड वेदानुकूल है उस सब को मानता हूं। उस से विरुद्ध को नहीं क्योंकि वे ग्रन्थ मनुष्यों ने अपने स्वार्थसाधन के निमित्त रच लिये हैं।

वे वेदयुक्ति वा प्रमाण से सिद्ध नहीं हो सके। जो २ संस्कार आदि में मानता हूं वे सब मेरी बनाई हुई वेदभूमिका अङ्क ३ में तथा संस्कारविधि आदि ग्रन्थ में देखना चाहिये। और वे लिखते हैं कि वेदों को भी एक तरफ धर दें केवल अपनी युक्ति वा बुद्धि ही के आधारी रहें तो उत्तर यह है कि मैं वेदों में कोई बात युक्तिविरुद्ध वा दोष की नहीं देखता और उन्हीं पर मेरा मत है। सो यह सब भेद मेरे वेदभाष्य में खुलता जायगा। और विद्वानों का यह काम नहीं कि किसी हेतु से सत्य को त्याग के असत्य का ग्रहण करें॥

पं॰महेश–हिंदुओं का विश्वास है कि देववाणी का प्रकाश परमेश्वर की ओर से वेद पुस्तकोंकेरूप से हुआ है वा ऋषियों के द्वारा प्रेरणा की गई है परन्तु मेरी समझ से तो दोनों प्रकार ठीक नहीं हो सक्ता॥

स्वा॰ जी—इस बात का उत्तर वेदभाष्य की भूमिका अङ्क १ प्रथम वेदोत्पत्ति प्रकरण में देख लेना चाहिये। परन्तु इतना यहां भी मैं कहता हूं कि आर्य्य लोग सनातन से युक्ति प्रमाण सहित वेदों को परमेश्वरकृत मानते बराबर चले आये हैं। इस का ठीक २ विचार आर्य्य लोग ही कर सकते हैं हिन्दू विचारों का क्याही सामर्थ्य है॥

पं॰ महेश॰—वेद इस विषय में स्वतः प्रमाण हैं कि उन में बहुधा होम बलि-दान आदि का विधान है। तथा इस का प्रमाण अन्य ग्रन्थों में भी पाया जाता है कि जिन को स्वामी जी भी मानते हैं। इसलिये वे वेदमत को स्वीकार करके होमादिक से अलग नहीं बच सकते हैं सिवाय ऐसे मनुष्य के कि जो स्वामी जी की तरह अपनी नवीन रीति से मंत्रभाष्य की रचना करे। देखना चाहिये कि यह स्वामी जी का परिश्रम कैसा हथा समझा जा सकता है कि जब मैं उन के भाष्य की परीक्षा करूंगा॥

स्वा॰ जी—वेदों में जो यज्ञादिक करने की आज्ञा है उस सब को प्रमाण और युक्तिसिद्ध होने के कारण मैं मानता हूं और सब को अवश्य मानना चाहिये जैसे कि वेदभूमिका अङ्क ३ के यज्ञप्रकरण में लिख दिया है। उस से विरुद्ध जो बलि-दान आदि आज कल के लोगों ने समझ रक्खा है यह सब वेदविरुद्ध है। और मेरा भाष्य तो नवीन रीति का नहीं ठहर सकता क्योंकि वह प्राचीन सत्य ग्रन्थों के प्रमाणयुक्त बनता है। परन्तु पंडित जी का जो कथन है सो केवल अप्रमाण है और पंडित जी ने मन के ही गुलगुले खाये हैं। आगे मेरे ग्रन्थ की परीक्षा तो तमाम, देश भर को हो ही जावेगी परन्तु पंडित जी की विद्या तो अभी तुल गई॥

पं॰ महेश॰—स्वामी जीका मंत्रभाष्य ही अद्भुत नहीं है किन्तु उनके लिखने की रीति और व्याकरण भी पण्डितों के आगे हंसी के कराने वाले हैं। तथा

कई अशुद्धियां जो उन के परीचकों ने निकाली हैं वे इस बात को साफ २ सिद्ध करती हैं कि स्वामी जी सत्य का प्रकाश तो नहीं करते किन्तु अपनी कीर्त्ति और नाम की प्रसिद्धि अवश्य चाहते हैं। जैसे कि वे (उपचक्रे) शब्द को पाणिनी के (गन्धनावचे०) सूत्र से सिद्ध करते हैं यह कभी नहीं हो सकता। यह बात मानी जा सकती है कि (उपचक्रे) में आत्मनेपद लाया गया है साफ़कहने के अर्थ में। परन्तु, उप, कृञ्, से यह अर्थ नहीं निकल सकता है। और न स्वामी जी का यह अभिप्राय है। क्योंकि वे उस का भाषा में अर्थ करते हैं कि (किया है) ॥

स्वा० जी–इनका उत्तर मैं पण्डित गुरुप्रसाद आदि के तर्कखण्डन के साथ दे चुका हूं और पण्डित जीने कुछ उनसे विशेष पकड़ नहीं की है। परन्तु इस बात का भेद सिवाय अन्तर्य्यामी परमेश्वर के जीव नहीं जान सकता कि मैं लोकहित चाहता हूं वा केवल विजय अर्थात् नाम की प्रसिद्धि, भाषार्थमें जो शब्द (किया है) लाया गया तो इस का कारण यह है कि भाषामें संस्कृत का अभिप्रायमात्र लिखा है केवल शब्दार्थ ही नहीं क्योंकि भाषा करने का तो केवल यही तात्पर्य्य है कि जिन लोगों को संस्कृत का बोध नहीं है उन को विना भाषार्थ के यथार्थ वेदज्ञान नहीं हो सकेगा इसलिये भला यह कोई बात है कि ऐसी तुच्छ बातों में दोष पैदा करना। जो कि विद्वानों के विचार से दूर हैं। और उप, कृञ्, धातु का अर्थ है (उपकार, और किया)ये दोनों अर्थ भी भूतकाल की क्रिया को बतलाते हैं कि ईश्वरने जीवोंकेहित के लिये वेदों का उपदेश किया है और ठीक२ घटसकता है ॥

पं० महेश०—खैर ये तो साधारण बातें थीं परन्तु अब मैं भारी २ दोषों पर आता हूं मंत्रभाष्य के प्रथम संस्कृतखण्ड में (अग्निमीळे पुरोहितम्) इस के भाष्य में स्वामी जी ने अग्नि शब्द से ईश्वर का ग्रहण किया है। जब कि प्रसिद्ध अर्थ अग्नि शब्द के सिवाय आग के दूसरे कोई नहीं ले सकता। तथा सायणाचार्य्य वेद के भाष्यकार की इसी विषय में साची वर्त्तमान है। स्वामी जीअपने पक्ष में शतपथब्राह्मण और निरुक्त आदि को प्रमाण मानते हैं परन्तु क्या ये भाष्य आदि अग्नि शब्द से परमेश्वर के अर्थ की पुष्टि कर सकते हैं अर्थात् कभी नहीं क्योंकि जो २ शब्द उन में ईश्वरार्थ में लिखे हैं उन में अग्नि शब्द का नाम भी नहीं है। फिर स्वामी जी इसी पक्ष में ऐतरेयब्राह्मण का प्रमाण धरते हैं कि—

अग्निर्वै सर्वा देवताः ॥ ऐ० १ । पं० १ ॥

यहां कुछ संबन्ध नहीं है किन्तु दीक्षास्थितियज्ञ में लग सकता है मैं यह आगे का वाक्य डाक्टर एम० हाग साहब के टीकासहित लिखता हूं ॥

स्वामीजी—अब पंडितजी की ऐसी पकड़ से मालूम होगया कि उन को संस्कृत ग्रंथ समझने का बहुत ही बोध है और विद्वानों को चाहिये कि पण्डित जी की खातर से मान भी लें कि वेद विद्या के बड़े प्रवीण हैं। सत्य तो यह है कि उन्हीं ने प्राचीन ऋषिमुनियों के ग्रंथ कभी नहीं देखे और उन को ठीक २ अर्थ समझने का बिल कुल ज्ञान नहीं क्योंकि जिन २ ग्रंथों अर्थात् वेद, शतपथ और निरुक्त आदिओं के प्रमाण मैंने वेदभाष्य में लिखे हैं उन को ठीक २ विचार ने से आयने के समान जान पड़ता है कि अग्नि शब्द से आग और ईश्वर दोनों का ग्रहण है। जैसे देखो कि—

इन्द्रं मित्रं वरुण०। तदेवाग्निस्तदादित्य०। अग्निर्होताकविः०। ब्रह्म ह्यग्निः। आत्मा वा अग्निः॥

देखिये विद्यानेत्र से इन पांच प्रमाणों में अग्निशब्दसे परमेश्वर ही का ग्रहण होता है।

अयंवा अग्निः प्रजाश्च प्रजापतिश्च॥

और इस प्रमाण में प्रजा शब्द से भौतिक अग्नि और प्रजापति शब्दसे परमेश्वर लिया जाता है। इसी प्रकार—

संवत्सरोऽग्निः॥

इत्यादि प्रमाणों में अग्नि शब्द से ठीक २ परमेश्वर का ग्रहण होता है तथा

अग्निर्वै सर्वा देवताः॥

इस वचन में भी परमेश्वर और सांसारिक अग्नि का ग्रहण होता है। क्योंकि जहां उपास्य उपासक प्रकरण में सर्व देवता शब्द से अग्निसंज्ञक परमेश्वर का ग्रहण होता है इस में मनु का प्रमाण दिया है क्योंकिः—

यत्रोपास्यत्वेन सर्वा देवतेत्युच्यते तत्र ब्रह्मात्मैव ग्राह्यः॥

जो वे इस पंक्ति का अभिप्राय समझते तो उन को अग्नि शब्दसे परमेश्वर के ग्रहण में कभी भ्रम न होता तथा निरुक्त से भी परमेश्वर और भौतिक इन दोनों का यथावत् ग्रहण होता है। देखो एक तो (अग्रणीः) इस शब्दसे उत्तम परमेश्वर ही माना जाता है इस में कुछ संदेह नहीं और दूसरा हेतु यह है कि (इतात्) इस शब्द से अग्नि नाम ज्ञान स्वरूप परमेश्वर ही का ग्रहण हो सकता है क्योंकि। इणगतौ। इस धातु से यहां ज्ञानार्थ ही अभिप्रेत है (दग्धात्) इस

पद से केवल भौतिक अग्नि लिया जायगा परमेश्वर नहीं। तथा (अक्तात् और नीतात्) इन दोनों से परमेश्वर और भौतिक दोनों लियेजाते हैं क्योंकि "इण्" धातु से ऋषि को प्राप्ति और गमन अर्थ ही लेने का अभिप्राय होता तो (अक्तात्, इण्धात्, नीतात्) ऐसे शब्दों का ग्रहण नहीं करते तथा जो अग्नि शब्द से धात्वर्थ ग्रहण में यास्कमुनि का अभिप्राय नहीं होतातो पृथक् २ धातुओं को नहीं गिनते और (अग्निर्वैसर्वा देवता: इतिनिर्वचनाय) इस बचन का अर्थ निरुक्तकार करते हैं कि जिस को बुद्धिमान् लोग अनेक नामों से वर्णन करते हैं। जो कि एक अद्वितीय सब से बड़ा सब का आत्मा है उसी को अग्नि कहते हैं॥

उत्तरे ज्योतिषी एतेन नामधेयेन भजेते॥

इस बचन में अग्निशब्द से परमेश्वर और भौतिक दोनों का ग्रहण होता है क्योंकि इस अग्निनामधेय से दोनों उत्तर ज्योति अर्थात् अनन्त ज्ञान प्रकाशयुक्त परमेश्वर जो कि प्रलयके उत्तर सबसेसूक्ष्म तथा आधार है उसका और जो विद्युत् रूप गुणवाला सब से सूक्ष्म स्थूल पदार्थों में प्रकाशित और प्रकाश करने वाला भौतिक अग्निहै इन दोनों का यथावत् ग्रहण होता है इसी प्रकार:—

अग्नि: पवित्रमुच्यते॥

इत्यादि में भी अग्निशब्दसे दोनोंही को लेना होता है तथा (प्रशासितारं०) जो सब को शिक्षा करनेवाला, सूक्ष्म से भी अत्यन्त सूक्ष्म, स्वप्रकाशस्वरूप, समाधियोग से जानने योग्य पर पुरुष परमात्मा है विद्वान् उसी को परमेश्वर जानें फिर (एतमेके वदन्त्यग्निं०) विद्वान् लोग अग्नि आदि नामों करके एक परमेश्वर कोही कहते हैं। ऊपर सब के प्रमाण अग्नि अर्थात् परमेश्वर में प्राचीन सत्यग्रंथों की साक्षी से ठीक २ घटते हैं परन्तु जो पंडितजी के घरके निराले ग्रंथ हैं उनमें न होगा और कदाचित् वे कहें कि निघण्टु में जो ईश्वरके नाम हैं उनमें अग्निशब्द नहीं आता इससे मालूम हुआ कि अग्नि परमेश्वर का वाची नहीं तो समझना चाहिये कि जैसे निघण्टु के अ० २ खं० २२ में जो "राष्ट्री। अर्य्य:। नियुत्वान् इन:" ये चार ईश्वर के अप्रसिद्ध नाम हैं और यह नहीं हो सकता कि जो नाम ईश्वर के निघण्टु में हों वेही माने जांय औरों को विद्वान् लोग छोड़ देवें। परमेश्वर के तो असंख्यात नाम हैं और आप क्या चार ही नाम ईश्वर केसमझते और क्या निघण्टु में न लिखने से ब्रह्म, परमात्मा आदि ईश्वर के नाम नहीं हैं। यह पंडितजी की बिलकुल भूल है जैसे ब्रह्म आदि ईश्वर के नाम निघण्टु के बिना लिखे भी लिये जाते हैं वैसे अग्निआदि भी परमेश्वरके नाम हैं। इसपूर्वपक्ष में

जो कुछ अवश्य था संक्षेप से लिख दिया । यह बात वेदभाष्य के अङ्कमें विस्तार-पूर्वक सिद्ध करदी है वहां देख लेना । पण्डित जी और गिरिफिथ साहब और सी० एच० टानी साहबों के पीछे २ चलते हैं सो इस का कारण यह है कि पं० जी ने महीधरादि की अशुद्ध टीका देख ली है और उक्त साहबों ने प्रोफेसर विल्सन आदि के उन्हीं अशुद्ध भाष्यों के उलथे अङ्गरेजी में देख लिये होंगे उन से क्या हो सकताहै । जब तक सत्य ग्रंथों और मूलमंत्रों को न देखें समझें तब तक वेद मंत्रों का अभिप्राय ठीक २ जानलेना लड़कों का खिलौना नहीं है । इसी के समान पं० जी का और कथन भी है इसलिये अब दूसरीबात का उत्तर लिखते हैं ।

अग्निर्वै सर्वा देवताः देवानामवमो विष्णुः परमस्तदन्तरेण सर्वा अन्या देवताः ।

इत्यादि पर जो पण्डितजी ने लिखा है सो भी अयुक्त है क्योंकि वेदमंत्रादि प्रमाणों को छोड़कर (अग्निर्वै सर्वाः०)इस पद पर"लिखनेसे मालूम होता है कि पं०जी ने भाष्य की परीक्षा तो न की किन्तु छल अवश्य किया है । सोभी पं०जी ने इस वाक्य को तो लिखा परन्तु उसके अभिप्राय को यथार्थ नहीं जाना क्योंकि इसका अभिप्राय यह है कि सब कर्मकाण्ड केअग्निहोत्रादि अश्वमेध पर्यन्तहोम-क्रिया में अग्निमंत्र प्रथम और विष्णुमंत्र का पश्चात् उच्चारण करते हैं जहां कहीं व्यावहारिक ३३ देव गिनाये हैं वहां भी अग्नि प्रथम और विष्णु अन्तमें गिनाया है । तथा।"अग्निर्देवता०" इस मंत्र में भी अग्नि का प्रथम और वरुण का अन्त में ग्रहण किया है सो ऐतरेय ब्राह्म० के पं० १ अ० २ कं० १० में लिखा है कि—

त्रयस्त्रिंशद्वै देवा अष्टौ वसव इत्यादि ।

तथा शतपथब्राह्मण में भी इसी बात की व्याख्या वेदभाष्य की भूमिका के अङ्क ३ के पृष्ठ ५९ की पंक्ति ३१ में देवता शब्द से किस २ को किस २ गुण से ग्रहण करना लिखा है वहां देख लेना । तथा उसी अङ्क ३ के पृष्ठ ६६ पंक्ति७ में अग्नि से आरम्भ करके प्रजापतियज्ञ अर्थात् विष्णु में गिनती पूर्ण करदी है । इसलिये (अग्निर्वै०) इस वचन में अग्नि को प्रथम और विष्णु को अन्त में गिना है । सो पूर्व लिखित ग्रंथ में देखने से सब शंका निवारण होजायगी । तथा उक्तसाहब लोगों और पंडितजी की यह भी शंका निवृत्त होजावेगी कि वेदों में एक के सिवाय दूसरा ईश्वर कोई भी नहीं है किन्तु जिस २ हेतु से जिस२पदार्थ का नाम देव धरा है उस २ को वहां अर्थात् अङ्क ३ में देख लेना । और डाक्टर एम साहब की अशुद्ध टीका का जो हवाला देते हैं तो यह पण्डितजी को एक

लज्जा की बात है । कि प्राचीन सत्य संस्कृत ग्रन्थों को छोड़ कर इधर उधर कस्तूरिये हिरन के समान भूलते और भटकते हैं डाक्टर एम साहब वा सी॰एच॰ टार्नी साहब वा आर गिरिफिथ॰ साहब आदि कुछ ईश्वर नहीं कि जो कुछ वे लिखचुके वह बिना परीक्षा वा विचार के मानलेने योग्य ठहरे ।क्या डाक्टर एम॰हाग॰साहब हमारे आर्य्य ऋषि मुनियों से बढ़कर हैं । कि जिन को हम सर्वोपरि 'मान 'निश्चय करलें और प्राचीन सत्य ग्रंथों को छोड़ देवें जैसा कि पण्डितजी ने किया है । जो उन्हीं ने ऐसा किया तो किया करो मेरी दृष्टि में तो वे जो कुछ हैं सो ही हैं । तथा इस कण्डिका में भी (यज्ञस्यान्ते) वचन में आदि में अग्निमंत्र और अन्तमें विष्णुमंत्र का प्रयोग किया जाता है फिर इन दोनों के बीच में व्यवहार के सब मंत्र देवते गिने हैं । अग्नि को प्रथम जिन २ द्रव्यों का वायु और वृष्टिजल की शुद्धि के लिये अग्निमें होम कियाजाता है वे सब परमाणु रूप होकर विष्णु अर्थात् सूर्य्य के आकर्षण से वायुद्वारा आकाश में चढ़जाते हैं फिर मेघमण्डल में जलवृष्टिके साथ उतर कर बाकी जो बीच में ३० देव गिनादिये हैं उन सभों को लाभ पहुंचाते हैं । इस अभिप्राय को पण्डित जी नहीं समझते हैं ॥

पं॰ महेश॰—अब ऊपर के वचन से साफ जाना जा सकता है कि वेद में एक परमेश्वर की पूजा नहीं किन्तु निस्सन्देह देवता विधान पाया जाता है । और उन देवताओं को बलिदान आदि पदार्थों का भेट करना लिखा हुआ है । इस वाक्य में यह बात सिद्ध नहीं हो सकती कि अग्नि शब्दका अर्थ ईश्वर है किन्तु उस में ईश्वर का जिकर भी नहीं है । इस बात की साबूती में स्वामीजी एक प्रमाण देते हैं (यत्रोपास्यत्वेन॰) अर्थात् जहां सब देवों का पूजन कहा है वहां परमेश्वर को समझना चाहिये । फिर इस की पुष्टि में स्वामीजी मनु का प्रमाण देते हैं (आत्मैव देवताःसर्वाः॰) अर्थात् आत्मा सब देव है और आत्मा ही में सब संसार स्थित है यह नहीं समझ सकते कि यह वचन स्वामीजी का मन प्रसन्न प्रमाण की पुष्टता कैसे कर सकती है ॥

स्वा॰जी—ऊपर के वचनों से ईश्वर का नाम अग्नि सिद्ध करदिया है । परन्तु पक्षपात छोड़ के विद्या की आंख से देखने वाले को स्पष्टमालूम होता है कि निस्सन्देह अग्नि ईश्वर का भी नाम है । वेदों में अनेक ईश्वर को विधान कहीं नहीं है । और जो देवताशब्दसे सृष्टिके भी पदार्थों का विधान है उसका उत्तर ऋग्वेदादिभाष्यभूमिका के अङ्क२ के देवता विधान प्रकरण को देखने से अच्छे प्रकार जान लेना अर्थात् जिस २ गुण औरअभिप्राय से सृष्टि के पदार्थों का नाम

देवता रक्खा गया है उस को देख लेना चाहिये क्योंकि वहां यह बात अनेक प्रमाणों से सिद्ध करदी है परन्तु चारो वेदों में एकसे दूसरा ईश्वर कहीं नहीं माना है और न ईश्वर के तुल्य पूजना कहा है किन्तु उन की दिव्यगुणों से व्यवहारमात्रमें देवता संज्ञा मानी है। चारोवेदों में एक से दूसरा ईश्वर कहीं प्रतिपादन नहीं किया है। तथा इन्द्र अग्नि और प्रजापति आदि शब्दों से ईश्वर और भौतिक दोनों का प्रतिपादन किया है। और जो पण्डित जी लिखते हैं कि अग्नि शब्द का अर्थ ईश्वर नहीं है किन्तु उस स्थान में जिकरभी नहीं इस का उत्तर यह है कि इस में वेद वेदान्त ब्राह्मण तथा मेरा दोष नहीं किन्तु इस में पण्डित जी के शास्त्रों में न्यून अभ्यास का दोष है। क्योंकि जो मनुष्य वेदादि शास्त्रों का यथार्थ अर्थ न समझा होगा उस के उलटे ज्ञान हो जाने का संभव है। वेदों में एक ईश्वर के प्रतिपादन में भूमिका अङ्क ४ में ८९ के पृष्ठ से ९२ पृष्ठ तक ब्रह्मविद्याप्रकरण की समाप्ति पर्य्यन्त देखना चाहिये। (आत्मैव देवताः सर्वाः०) इस का अभिप्राय पण्डित जी ने ठीक२ नहीं समझा है। क्योंकि इस का मतलब यह है कि आत्मा अर्थात् परमेश्वर ही अग्निआदि सब व्यवहार के देवताओं का रचन पालन और विनाश करने वाला है तथा (अग्निर्देवताः०) इत्यादि प्रकरण में व्यवहार के देवता और अग्निआदि नामों से परमेश्वर का भी ग्रहण है क्योंकि(सर्वमात्मन्यवस्थितम्) इस वचन से सिद्ध होता है कि सब जगत् का आत्मा जो परमेश्वर है सो उसी में स्थिर है और वही सब में व्यापक है इस अभिप्राय से यह बात सिद्ध होती है कि अग्नि परमेश्वर का भी नाम है इस से मेरा कहना यथार्थ पुष्टि रखता है॥

पं० महेश०—ऐतरेयब्रा० के प्रमाण से अग्नि और विष्णु दोही देव मुख्य करके पूजनीय माने हैं क्योंकि वे ही यज्ञ में आदि अन्त के देव हैं जिन के द्वारा सब बीच वालों को भाग पहुंचता है इसलिये इन्हीं दोनों की सब देवों के तुल्य स्तुति की गई है। इस में स्वामी जी ऐतरेयब्रा० का जो प्रमाण देते हैं सो उन के कथन की पुष्टि तो नहीं करता किन्तु विरुद्ध पड़ता है॥

स्वा० जी—अब जो पं० जी (अग्निर्वै सर्वा देवताः) इस में भ्रान्त हुए हैं सो ठीक नहीं और जो—

अग्निर्वै देवानामवमो विष्णुः परमस्तदन्तरेण सर्वा अन्या देवताः॥

इत्यादि ऐतरेय ब्राह्मण का प्रमाण धरा है इस का अर्थ ठीक २ पण्डित जी नहीं समझे हैं इस का अभिप्राय यह है कि (अग्निर्वै सर्वा देवताः, विष्णुः सर्वा देवताः) इस का भी मनु के प्रमाण समान अर्थ होने से मेरे अभिप्राय की पुष्टि

करता है और जहां भौतिक वा मन्त्र ही देवता लिये गये हैं वहां पुरोडाश आदि करने की क्रिया द्रव्ययज्ञ में संघटित यथावत् की गई हैं क्योंकि जब प्रथम अग्नि में होम किया जाता है और उस से सब द्रव्यों के रस और जल आदि के परमाणु पृथक् २ हो जाते हैं तब वे हल के हो के सूर्य्य के आकर्षण से वायु के साथ मेघ-मण्डल में जा के रहते हैं फिर वेही मेघाकार संयुक्त हो कर वृष्टिद्वारा पृथ्वी आदि मध्यस्थ देवसंज्ञक व्यवहार के पदार्थों को पुष्ट करते हैं इस का नाम भाग और बलिदान है। तथा इसी कारण अग्नि को प्रथम और सूर्य को अन्त में माना है। ऐसे ही अग्नि को सूक्ष्म और सूर्यलोक को अग्नि का बड़ा पुंज समझा है। इत्यादि अभिप्राय से यह पंक्ति ऐतरेय ब्राह्मण में लिखी है जिस को पं० जी ने न जान कर मेरे लेख पर विरुद्ध संमति दी है॥

पं० महेश०—निरुक्त भी कुछेक ही साची देता है स्वामी जी (अग्निः कस्मादग्रणीर्भवति०) इत्यादि निरुक्त का प्रमाण धरते हैं कि जिस में अग्नि शब्द की साधना की गई है। कई धात्वर्थ केवल भौतिक अग्नि के वाची हैं और स्वामी जी भी इस बात को मानते हैं और कहते हैं कि सिवाय भौतिक के अग्नि शब्द से ईश्वर का भी ग्रहण होता है और यह अर्थ (अग्रणीः) शब्द से लेते हैं। जैसा कि निरुक्तकार समझता है कि अग्नि शब्द (अग्र-नी) से मिल कर बना है निरुक्तकार इस शब्द के कुछ विशेष अर्थ नहीं करता है। शतपथ ब्रा० जिस को स्वामी जी मानते हैं विशेष अर्थ बताता है परन्तु ईश्वर के नहीं यद्यपि वे कुछ कहते हैं लेकिन सिवाय भौतिक के दूसरा अर्थ नहीं हो सकता॥

स्वा० जी—अब जो पं० जी लिखते हैं कि निरुक्तकार भी कुछेक ही संमति देता है सो नहीं क्योंकि निरुक्त में अग्नि शब्द से परमेश्वर और भौतिक दोनों अर्थों का यथावत् ग्रहण किया है। तथा उस में अग्निशब्द का साधुत्व तो कुछ भी नहीं लिखा है किन्तु धात्वर्थ के निर्देश से अर्थप्रतीति कराई है क्योंकि शब्दों का साधुत्व व्याकरण का ही विषय है निरुक्त का नहीं। इस लिये उस में रूढ़ि यौगिक और योगरूढि शब्दों का निरूपण मुख्य करके किया गया है जैसे कि (इतात्) (अक्तात्) (दग्धात्) वा (नीतात्) इन में (इण्) धातु गत्यर्थक (अञ्जू) व्यक्त्याद्यर्थ (दह) भस्मी करणार्थ (णीञ्)प्रापणार्थ दिखाने से विद्वानों को ऐसा भ्रम कभी नहीं हो सकता है कि अग्निशब्द से परमेश्वर और भौतिक दोनों का ग्रहण नहीं है क्यों कि (इण्) और (अञ्जू) इन धातुओं के गत्यर्थ होने से ज्ञान, गमन, प्राप्ति, ये तीनों अर्थ लिये जाते हैं। इन में ज्ञान और प्राप्त्यर्थ से परमेश्वर तथा गमन और प्राप्त्यर्थ से भौतिक पदार्थ ये दोनों ही लिये जाते हैं और (अग्रणीः) शब्द तथा

अग्रं यज्ञेषु प्रणीयतेऽगं नयति ॥

इस के अभिप्राय से अग्नि शब्द परमेश्वर और (न क्नोपयति न स्नेहयति) इस से भौतिक पदार्थ में लिया जाता है यह निरुक्त का अभिप्रायार्थ है । मंत्रभाष्य के दूसरे पृष्ठ में ठीक२ लिख दिया गया है । जो उसको पण्डितजीयथाथ विचारते तो इस वेदभाष्य पर ऐसी विरुद्ध सम्मति कभी न देते क्योंकि निरुक्तकारने पूर्वोक्त प्रकार से दोनों अर्थ का विशेष अच्छी तरह दिखला रक्खा है परन्तु जो कोई किसी के लेख का अर्थ यथावत् नहीं समझते उन को उस के विशेष वा सामान्य अर्थ का ज्ञान कभी नहीं हो सकता ॥

पं॰महेश॰—(प्रजापतिर्हं वा इदमग्र॰) हमारी मुराद यह नहीं है कि हम शतपथ ब्राह्मण में अग्नि शब्द भौतिक का वाची ढूढें किन्तु मैं यह बताता हूं कि पूर्वोक्त वाक्यसे निश्चय होता है कि अग्नि सिवाय आग के दूसरा अर्थ नहीं देती है॥

स्वा॰जी—पंडित जी का कथन है कि हमारी मुराद यह नहीं है कि हमशतपथब्राह्मण में अग्नि शब्द भौतिक का वाची ढूढें इत्यादि । इस का उत्तर यह है कि मैं पूर्वोक्त प्रकार अग्नि शब्द से परमेश्वर और भौतिक दोनों अर्थों को लेता हूं सो वेदादि शास्त्रों के प्रमाण से निर्भ्रमता के साथ सिद्ध है । परन्तु पण्डित जी का अभिप्राय जो अग्नि शब्द से परमेश्वर के ग्रहण में विरुद्ध है उस का हेतु यह मालूम पड़ता है कि पण्डित जी बाल्यावस्था से लेकर आज पर्यन्त अग्नि शब्द से भौतिक अर्थात् चूल्हे आदि में जलने वाली ही आगि को सुनते और देखते आये हैं इसलिये वहीं तक उन की दौड़ है परन्तु मैं उन से मित्रभाव से कहता हूं कि वे वेद, वेदाङ्ग, उपाङ्ग, और ब्राह्मण आदि सनातन आर्षग्रन्थों के अर्थ जानने में अधिक पुरुषार्थ करें कि जिस से ऐसी२ तुच्छ शंका हृदय में उत्पन्न न हों क्योंकि जो २ शतपथ के प्रमाण मैं ने वेदभाष्य में अग्नि शब्द से परमेश्वर के ग्रहण-विषय में धरे हैं वे क्या शतपथ के नहीं हैं जो शंका हो तो उक्त जगह पुस्तक में देख लेवें और जिस वाक्य की पंक्ति का प्रमाण पण्डित जी ने धरा है उसमें का मुख्य पाठ उन्हों ने पहिले ही उड़ादिया इस चालाकी को देखना चाहिये कि—

तद्यदेनं मुखादजनयत्तस्मादन्नादोऽग्निः स यो हैवमेतमग्निमन्नादं वेदान्नादो हैव भवति ॥

इस में अन्नाद शब्द अग्नि का वाची है, और—

अहमन्नमहमन्नमहमन्नम् । अहमन्नादो अहमन्नादोअहमन्नादः।

यह तैत्तिरीय उपनिषद् का बचन परमेश्वर के विषय में है अर्थात् वह उपदेश करता है कि मैं ही अन्नाद हूं और अन्नाद अग्नि को कहते हैं इस से यहां भी परमेश्वर का नाम अग्नि आता है और दूसरी चाल पण्डित जी यह भी खेले हैं कि जिस आधी पंक्ति से शतपथ में अग्नि शब्द से परमेश्वर लिया है उस पाठको अपने पुस्तक में नहीं लिखा देखिये कि :—

प्रजापतिः परमेश्वरः यत् यस्मात् मुख्यात् प्रकाशमयान्मुख्यात्कारणात् एनं भौतिकमग्निमजनयत्तस्मात्सपरमेश्वरोऽन्नादोऽग्निरर्थादग्निसंज्ञो विज्ञेयः । यो मनुष्यो ह इति निश्चये नैवमनुनाप्रकारेणैतमन्नादं परमेश्वरमग्निं वेद जानाति ह इति प्रसिद्धे सएवान्नादो भवत्यर्थाद् ब्रह्मविद्भवतीति ॥

इस प्रकार से यह बात निश्चित होती है कि पण्डित जी उन ग्रन्थों का अर्थ ठीक २ नहीं जानते और जितना जानते हैं उस में भी कपट और आग्रह से सत्य नहीं लिखते । पण्डित जी को विदित हो कि यहां पाठशालाओं के लड़कों से प्रश्नोत्तरलेख वा उन की परीक्षा नहीं है इस से जो कुछ वे लिखें सो विचारपूर्वक होना चाहिये कि उन को किसी की खुशामद वा आग्रह से लिखना उचित नहीं । जो २ शतपथ के प्रमाण मैं ने वहां २ लिखे हैं उस २ का अर्थ भी संक्षेप से लिख दिया है उस को ध्यान देकर देख लेवें ।

पं॰ महेश॰—अग्निः पृथिवीस्थानस्तं प्रथमं व्याख्यास्यामः ॥

पृथिवी का अग्नि ईश्वर अर्थ में कभी नहीं लिया जा सकता है इस बात को अच्छी तरह प्रकाश करने के लिये कि निरुक्तकार अग्नि शब्द के क्या अर्थ लेता है ॥

स्वा॰ जी—फिर जो पण्डित जी ने (अग्निः पृथ्वीस्थानस्तं प्रथमं व्याख्यास्यामः) इस में अपना अभिप्राय जताया है कि क्या पृथ्वी का अग्नि ईश्वर अर्थ में कभी लिया जा सकता है । इस में पण्डित जी से मैं पूछता हूं कि क्या आप अन्तरिक्ष और सूर्य्यादि लोकस्थ अग्नि ईश्वर अर्थ में ग्रहण करते तथा क्या परमेश्वर के व्यापक होने से पृथिवीस्थान नहीं हो सकता और उन को विचारना चाहिये कि (पृथवी स्थानं यस्य सः परमेश्वरोऽग्निर्भौतिकश्चेत्यर्थद्वयं गृह्यताम्) इस बचन के अर्थ पर उन का अभिप्राय ठीक नहीं सिद्ध होता क्योंकि इस बात को कौन सिद्ध कर सकता है कि पृथिवी से भिन्न अन्य पदार्थ में भौतिक अग्नि नहीं है जब कि यहां पृथिवी अर्थात् सब सृष्टि भर ली जाती है तथा कार्य्य

और कारण रूप को भी पृथिवी शब्द से लेते हैं। फिर उन का अभिप्राय इस बात में शुद्धकभी नहीं हो सकता क्योंकि रूप गुण वाला पदार्थ अग्नि शब्द से गृहीत होता है और न केवल चूल्हे वा वेदी में धरा हुआ। तथा पृथिवी स्थानशब्द के होने से अग्निशब्दका ग्रहण परमेश्वर अर्थ में भी यथावत् होता है। जैसे :—

यः पृथिव्यां तिष्ठन् पृथिव्या अन्तरोऽयं पृथिवी न वेद यस्य पृथिवी शरीरं पृथिवीमन्तरोऽयमयति स त आत्मा अन्तर्य्याम्यमृतः ॥

यह बचन शत० कां० १४ अ० ६ ब्रा० ५ कण्डिका ७ का है कि जिस में पृथिवीस्थान शब्दसे परमेश्वर का ग्रहण किया है क्योंकि जहां कहीं अन्तर्य्यामी शब्दसे परमेश्वर की विवक्षा होती है वहां एक जीव के हृदय की अपेक्षा से भी परमेश्वर का ग्रहण होता है जैसे :—

स त आत्माऽन्तर्य्याम्यमृतः।

अर्थात् गौतमऋषि से याज्ञवल्क्य कहते हैं कि हे गौतमजो पृथिवी में ठहर रहा है और उस से पृथक् भी है तथा जिस को पृथिवी नहीं जानती जिस के शरीर के समान पृथिवी है जो पृथिवी में व्यापक होकर उस को नियम में रखता है वहीपरमेश्वर अमृत अर्थात् नित्यस्वरूप तेरा जीवात्मा का अन्तर्य्यामी आत्मा है। इतनेही से बुद्धिमान् समझलेंगे कि पण्डितजी निरुक्तका अभिप्राय कैसा जानतेहैं॥

पं० महेश०—तथा देवता विषय में उसका कैसा विचार था आगे के प्रमाण अङ्गरेजी टीका सहित लिखते हैं (यत्कामऋषिर्यस्यां०) जिस मंत्र से जिस देवता की स्तुति कीजाती है वही उस मंत्र का देवता है (महाभाग्याद्देवतायाः) अर्थात् देवता एक ही है परन्तु उस में बहुतसी शक्ति होने के कारण अनेक रूपों में पूजा जाता है उस के सिवाय और २ देव उसके अङ्ग हैं। प्राचीन अनुक्रमणिकाकार भिन्न २ मंत्रों के पृथक्२ देवता विभाग करता है और इस का प्रमाण स्वामी जी ने माना है देखो पृष्ठ १ पं० २ । तथा पृ० २३ पं० १४ । इसी विषय की। परन्तु बात काट के उस के असली अर्थ के विरुद्ध कहते हैं कि सब मंत्रों का देवता परमेश्वर है अग्नि वायु आदि नहीं यह हिन्दुओं का बड़ा सत्यानुसार धर्म है कि अनेक देवते एक ईश्वर ही के प्रकाशरूपहैं। इस बात का प्रमाण ऐतरेयोपनिषद् में लिखता है कि जिस को स्वामीजी भी मानते हैं जैसे :—

निहितमस्माभिरेतद्यथावदुक्तमनसीत्यथोत्तरप्रश्नमनुब्रूहीति०॥ इत्यादि।४।५।६॥

स्वामी जी—यत्काम ऋषिर्यस्यां देवतायामार्थपत्यमिच्छन् स्तुतिं प्रयुङ्क्ते तद्दैवतः स मंत्रो भवति ॥

इस का उत्तर भूमिका अङ्क ३ के देवता विषय में देख लेना वहां अभिप्राय-सहित लिखदिया है अर्थात् प्रकारान्तर से व्यवहार के पदार्थों को भी देवसंज्ञा मानी है पूज्योपास्य बुद्धि से नहीं। अब प्राचीन अनुक्रमणिकाकार जो भिन्न २ देवता मानता है सो भी इस अभिप्राय से है कि इस मंत्र का अग्निदेवता इत्यादि लेख से कुछ आप की बात की पुष्टि नहीं होती क्योंकि वहां केवल नाममात्र का प्रकाश है विशेष अर्थ का नहीं वैसे ही अग्नि शब्दके पूर्वोक्त प्रकार से घटित दोनों अर्थ लिखे जाते हैं तथा सब मंत्रों का देवता परमेश्वर इस अभिप्राय से है कि सब देवों का देव पूजनीय और उपासना योग्य एक अद्वितीय ईश्वर ही है सो यथावत् देवता प्रकरण में लिखदिया है वहां देखलेना कि व्यावहारिक अग्नि वायु को देवता किस लिये और परमेश्वर किस प्रकार माना जाता है ऐसे ही सब जगत् को ब्रह्म मानना तथा ब्रह्म को जगत् रूप समझना यह हिन्दुओं की बात होगी आर्यों की नहीं। हम लोग आर्य्यावर्त्तवासी ब्राह्मणादि वर्ण और ब्रह्मचर्य्यादि आश्रमस्थ ब्रह्मा से लेकर आज पर्य्यन्त परमेश्वर को वेदरीति से ऐसा मानते चले आये हैं कि वह शुद्ध सनातन निर्विकार, अज, अनादि, स्वरूप जगत् के कारण से कार्य्यरूप जगत् का रचन पालन और विनाश करनेवाला है और हिन्दु उसको कहते हैं कि जो वेदोक्तसत्य मार्ग से विरुद्ध चले। इसमें पंडित जी ने जो मैत्र्युपनिषद् का प्रमाण धरा है सो भी विना अर्थ जानेहुए लिखा है क्योंकि वहां ब्रह्म की उपासना का प्रकरण है। तद्यथा:—

यस्तपसाऽपहतपाप्माओं ब्रह्मणो महिमेत्येवैतदाह यःसुयुक्तोऽजस्रं चिन्तयति तस्माद्विद्यया तपसा चिन्तया चोपलभ्यते ब्रह्म स ब्रह्मणः पर एता अधि दैवत्वं देवेभ्यश्चेत्यच्चय्यमपरिमितमनामयं सुखमश्नुते य एवं विद्वाननेन त्रिकेण ब्रह्मोपास्ते ॥

जो पंडितजी इस प्रकरण का अर्थ ठीक २ समझ लेते तो परमेश्वर का नाम अग्निनहीं ऐसा कभी न कह सकते क्योंकि उसी ब्रह्मके अग्नि आदि नाम यहां भी हैं और ब्रह्म की तनू अर्थात् व्याप्य जो पूर्वोक्त स्थान शतपथ ब्राह्मण में अन्तर्यामी पृथिवी से लेकर जीवात्मा पर्य्यन्त २४ अर्थात् अन्वय और व्यतिरेकालङ्कार से शरीर शरीरी अर्थात् व्याप्य व्यापक संबन्ध परमेश्वर का जगत् के साथ दिख लाया है सो देखलेना उसी शतपथ में पांचवे ब्राह्मण की २१ कण्डिका में

अदृष्टो द्रष्टाऽश्रुतः श्रोताऽमतो मन्ताऽविज्ञातो विज्ञाता नान्योऽस्ति द्रष्टेत्यादि ।

व्याप्यव्यापकसंबन्ध पूर्वोक्त अलंकार से यथावत् दिखला दिया है इस से—

ब्रह्म खल्विदं वाव सर्वम् ।

इस का अर्थ इस प्रकार से है कि ब्रह्म केवल एक चेतनमात्र तत्व है जैसे किसी ने किसी से कहा कि यह सुवर्ण खरा है तो इस वाक्य का अभिप्राय यह है कि इस सुवर्ण में दूसरे धातु का मेल नहीं इसी प्रकार जैसे कार्य्य जगत् के संघातों में अनेक तत्वों का मेल है वैसे ब्रह्म नहीं किन्तु वह भिन्न वस्तु है तथा तात्पर्य्योपाधि से यह सब जगत् ब्रह्म अर्थात् ब्रह्मस्थ है और ब्रह्म सर्व विश्वस्थ भी है यह इस वचन का ठीक अर्थ है क्योंकि फिर इसी के आगे यह पाठ है कि:-

यावास्याग्र्यास्तन्वस्ता अभिध्यायेदर्चयेन्निन्ह्याच्चातस्ताभिः सहैवोपर्य्युपरि लोकेषु चात्यय कृत्स्नक्षय एकत्वमेति पुरुषस्य पुरुषस्य ॥

अर्थात् जो विद्वान् पुरुष अपने आत्मा में ब्रह्मकी उपासना ध्यान और उसी की अर्चा कर अपने हृदय के सब दोषों को अलग करता इस के उपरान्त जब अपने अन्तःकरण से शुद्ध हो कर मुक्ति पा चुकता है तब वह उन्ही पूर्वोक्त तनुओं के सहित उपरि सब लोकों के बीचा बीच रहता हुआ अन्तमें परमेश्वर की सत्ता-मात्र को प्राप्त हो जाता है । सब मुक्त पुरुषों के समीप रहता हुआ अकथनीय परम आनन्दमें किलोल करता है और इस के आगे भी मैत्र्युपनिषद् के पञ्चम प्रपाठक के आरम्भ में कौत्सायिनी स्तुतिके अनुसार भी (त्वं ब्रह्मा त्वं च वै विष्णु॰ स्त्वं रुद्रस्त्वं प्रजापतिरग्निः) इत्यादि प्रमाण से अग्न्यादि परमेश्वर के नाम यथा-वत् हैं इस से यह बात पाई गई कि यद्यपि पण्डित जी प्रोफेसरग्रिफिथ टानी साहब के वकील भी हुए तथापि मुकद्दमा में खारज होने के योग्य हैं तथा यह भी जान पड़ा कि वेदभाष्य पर विरुद्ध संमति देने वाले वेदादि शास्त्रों का ज्ञान कम रखते हैं ॥

पं॰ महेश॰ तिस्र एव देवता इति नैरुक्ताः ॥

जो लोग निरुक्त के समझने वाले हैं वे कहते हैं कि देवता तीन ही हैं। अग्नि वायु, और सूर्य इन देवताओं का बल बहुत और काम पृथक् २ होने से उन को कई नामों से बोलते हैं ॥

अथाकारचिन्तनं देवतानां पुरुषविधाः स्युरित्येके चेतनावद्वद्धि स्तुतयो भवन्ति तथाविधानि। अथापि पौरुषविधिकैरङ्गैः संस्तूयन्ते ॥

कितने ही देवते मनुष्यों के समान हैं अर्थात् वे मनुष्यों के तुल्य घोड़े आदि की सवारी और खाना पीना सुनना बोलना आदि काम करते हैं, कुछ देवते ऐसे हैं कि मनुष्यों के तुल्य नहीं परन्तु दृष्टिमें आते हैं जैसे अग्नि, वायु, आदित्य, पृथिवी और चन्द्रमा, तथा कितने ही चेतन नहीं हैं जैसे सिक्का वनस्पति आदि॥

हम कह चुके हैं कि देवता तीन हैं अग्नि, वायु और सूर्य जिन के गुणों की व्याख्या करते हैं, अब अग्निके गुण बताते हैं, अर्थात् वह देवतों के पास चढ़वा पहुंचाता है, तथा उन को यज्ञ में बुलाता है ये अग्निके प्रत्यक्ष काम हैं॥

अग्निः पृथिवीस्थानस्तं प्रथमं व्याख्यास्यामः।

जो अग्नि पृथिवी पर रहता है प्रथम हम उसी का वर्णन करते हैं, इसका अग्नि नाम क्यों हुआ, क्योंकि वह प्रथम ही आता है, देखो (अग्निमीड़े) इत्यादि इन प्रमाणों से सिद्ध होता है कि निरुक्तकार अग्नि शब्द से सिवाय भौतिक के दूसरी चीज़ नहीं समझा है, यह बृ० और निरु० से स्वामी जी का कथन ठीक नहीं, श्रौतसूत्र जो वेद की प्राचीन व्याख्या है यद्यपि स्वामी जी ने उस का कोई प्रमाण नहीं दिया परन्तु मैं कुछ साची के तौर पर प्रमाण देता हूं सू० २६। कण्डिका १। अ० १, तथा सू० ७, कं० १२, अ० ४ में देखने से साफ मालूम होता है कि (अग्निमीड़े०) यह मन्त्र भौतिक अग्नि की पूजा बिधान में लिखा गया है॥

स्वा० जी-इस के आगे पण्डित जी (तिस्रएव देवता०) इत्यादि निरुक्त का अभिप्राय लिखते हैं सो उन्हीं ने इस का भी अर्थ ठीक २ नहीं जाना, क्योंकि इस प्रकरण में भी पूर्वोक्त प्रकार से दोनों व्यवस्था जानी जाती हैं अर्थात् अग्नि आदि नामों से व्यवहारोपयुक्त पदार्थ और पारमार्थिक उपास्य परमेश्वर दोनों ही का यथावत् ग्रहण होता, इस निरुक्त का अर्थ भूमिका के अङ्क २ पृष्ठ ६० पंक्ति ८ मी से अङ्क ४ पृष्ठ ७८ तक देखने से ठीक २ उत्तर मिल जायगा, और इस के आकार चिन्तन से यह अभिप्राय है कि जिस२पदार्थ में जो २ गुण होते हैं उन का यथावत् प्रकाश करना स्तुतिकहाती है सो जड़ और चेतन दोनों में यथावत् घटती है इसी प्रकरण में॥

एकस्य सतोऽपि वा पृथगेव स्युः पृथगपि स्तुतयो भवन्ति तथाऽभिधानानि।

इस पंक्ति का अर्थ पण्डितजी ने न विचारा होगा नहीं तो इतने आडम्बरका लेख क्यों करते क्योंकि देखो—

तासां माहाभाग्यादेकैकस्यापि बहूनि नामधेयानि भवन्ति।

इस का अभिप्राय यह है कि अग्न्यादि संसारी पदार्थों में भी ईश्वर की रचना से अनेक दिव्य गुण हैं कि जिनके प्रकाश के लिये वेदों में उन पदार्थों के अग्न्यादि कई २ नाम लिखे हैं। तथा वेही नाम गुणानुसार एक अद्वितीय परमेश्वर के भी हैं उन्हीं पृथक् २ गुणयुक्त नामों से परमेश्वरकी स्तुति होती है तथा उसी के वेदों में सर्वसुखदायक स्वयं प्रकाश सत्य ज्ञानप्रकाशक नाना प्रकार के व्याख्यान लिखे हैं इस प्रकार सब सज्जन लोगों को जानलेना चाहिये कि अग्न्यादि नामों सेपूर्वोक्त दोनों अर्थों का ग्रहण होता है केवल एक का नहीं और—

तिस्र एव देवता इत्युक्तं पुरस्तासां भक्ति साहचर्यं व्याख्यास्यामः।

इस का अभिप्राय यह है कि उन व्यावहारिक देवताओं का जुदापन (साहचर्य)अर्थात् संयोग दो प्रकार का होता है एक समवायसम्बन्ध दूसरा संयोगसंबन्ध समवाय नित्य गुण गुणी आदि में होता है और संयोगसंबन्ध गुणी और अगुणियों का होता है जैसे जगत् के पदार्थों में स्वाभाविक और नैमित्तिक सम्बन्ध होता है वैसे ही परमेश्वर में भी जानलेना कि वह अपने स्वाभाविक गुण और सामर्थ्यादि के साथ समवाय और जगत् के कारण कार्य तथा जीव के साथ संयोग संबन्ध अर्थात् व्याप्य व्यापकतादि प्रकार से है इस वचन में भी परमेश्वर का त्याग कभी नहीं हो सकता। तथा जैसे भौतिक अग्नि का काम व्यावहारिक देवताओं को जल चढ़ाना वा पहुंचाना है तथा मंत्र देव और दिव्य गुणों को जगत् में प्राप्त करना है वैसे ही सब जीवों को पाप पुण्य के फल पहुंचाना और ज्ञानानन्दी मोक्षरूप यज्ञ में धार्मिक विद्वानों को हर्षयुक्त करदेना परमेश्वर का काम है (अग्निःपृथिवीस्थानः०) इसकी व्याख्या पूर्व कर आये हैं। और(अग्नि मीडे) इसकी व्याख्या निरुक्त के अनुसार इसी मंत्र के भाष्य में लिख दी है परन्तु वहां भी दोही अग्नि लिये हैं क्योंकि एक अध्येषणा कर्मा अर्थात् परमेश्वर और भौतिक दूसरा पूजा कर्मा अर्थात् केवल परमेश्वर ही लिया है। तथा (अग्निः पूर्वेभिर्ऋषिभिः०) इस मंत्र की व्याख्या में निरुक्तकार का स्पष्ट लेख है कि—

स न मन्येतायमेवाग्निरित्यप्यते उत्तरे ज्योतिषी अग्नी उच्येते॥

इस का अर्थ यह है कि वह अग्निजो परमेश्वर का वाची है चूल्हे में प्रत्यक्ष जलने वाला नहीं है। किन्तु जोकि अपने व्याप्य में व्यापक विद्युत्रूप और जो उत्तर अर्थात् कारणरूप ज्योतिःस्वरूप और सबका प्रकाशक है तथा जो परमेश्वर का अग्निशब्दसे ग्रहण करना कहा है। एक आनन्दस्वरूप परमात्मा का स्वीकार है जैसा कि पूर्वोक्त प्रकार से बुद्धिमान् लोग जान लेंगे कि वे सब प्रमाण जो मैंने इस विषय में लिखे हैं मेरी बात की पुष्टि करते हैं वा नहीं तथा पंडित जी की पकड़ ठीक है वा नहीं। और जोकि वे श्रौतसूत्र का प्रमाण लिखते हैं उस का भी अभिप्राय उन्हों ने यथार्थ नहीं जाना क्योंकि वहां तो केवल होम क्रिया करने का प्रसङ्ग है। और होता आदि के आसनादिक और अध्वर्यु आदि के काम पृथक् २ लिखे हैं इसलिये वहां तत्संसर्गी का ग्रहण नहीं हो सकता। क्यों कि जो जिस का काम है उसको वही करे यहां उस सूत्र की प्राप्ति नहीं हो सकती इसलिये उस का लिखना व्यर्थ है, तथा आश्वलायनश्रौतसूत्र के चतुर्थाध्याय में तेरहमी कण्डिका के ७ सूत्र में भी केवल कर्मकाण्ड ही की क्रिया के मंत्रों की प्रतीकें धरी हैं वहां भी पंडित जी अग्नि शब्द से परमेश्वर का त्याग कभी नहीं करा सकते किस लिये कि वहां मंत्र ही देवता हैं। और शुभ कर्मों में परमेश्वर ही की स्तुति करना सब को उचित है॥ वही मंत्र का पाठातिदेश क्रिया है अर्थ नहीं इस से इस सूत्र का लिखना पंडितजी को योग्य नहीं था क्योंकि वहां तो केवल क्रियायज्ञ का प्रकरण है दूसरी बात का नहीं॥

पं० महेश०—(अग्निमीड़े) इस मंत्र की सिद्धि में और अधिक प्रमाण स्वामी जी ने नहीं दिये॥ परन्तु कई मंत्रों का प्रमाण धरके कहते हैं कि अग्नि से ईश्वर का ग्रहण है सो उन मन्त्रों की साधारण विचार परीक्षा से ही मालूम हो जाताहै कि उन से स्वामी जी के अर्थ नहीं निकल सकते पहिला मन्त्र (इन्द्रं मित्रम्) वे उस को इन्द्र मित्र, वरुण और अग्निआदि नामों से पुकारते हैं। यह मालूम नहीं होता कि इस मंत्र में किस को सन्मुख करके बोलते हैं। निरुक्तकार कहताहै कि वह भौतिक के लिये आया है। कोई सूर्य को बनाते हैं। खैर कुछही हो। परन्तु अग्निसे ईश्वर कभी नहीं लिया जा सकता, और यह जाना गया है कि जब किसी विशेष देवता कीस्तुति करते हैं तो उस को शब्द और २ देवताओं के नाम से लाते हैं उस के बल आदि गुण बताने के लिये (देवाग्नि०) शुक्लयजुर्वेद से कि जिस के समान कृष्णयजुर्वेदमें भी है (देखो) तैतिरीय आरण्यक अ० १॥ प्र०॥ इस स्थान में अद्वैत मत का प्रतिपादन है जैसे देखो, जो सर्वज्ञ पुरुष सदा था है और रहेगा जिसका तमाम ब्रह्माण्ड एक अंश मात्र है

जिस से वेद उत्पन्न हुए हैं तथा जिस से घोड़ा, गौ, बकरी और खटमलआदि निकले हैं जिस के मन से चन्द्रमा नेत्रों से सूर्य्य कानों से वायु और प्राण और मुख से अग्नि वह सर्वव्यापी और सब संसार का आधार है। इस के बाद स्वामी जी मंत्र का प्रमाण देते हैं जैसे (तदेवाग्निः॰) अर्थात् अग्नि, सूर्य्य, वायु आदि सब एक परमेश्वर के ही गुण नाम हैं। जैसे अग्नि शब्द के अर्थ परमेश्वर में नहीं घटते वैसे ही ऊपरके अर्थ भी नहीं लग सकते, सिवाय इस के जो (तदेवाग्नि॰)पदभेद को विषय अर्थ से मिलावें तो स्वामीजीका अग्निशब्दकोपरमेश्वर अर्थमें मिलाना ऐसा असंभव होगा जैसे कहदेकि मनुष्य पशु है अथवा पशु मनुष्यहै॥

(अग्निर्होता कविः क्रतुः॰) स्वामी जी कवि शब्द के अर्थ सर्वज्ञ के लेते हैंतथा सत्य का विनाशरहित। परन्तु निरुक्त में कवि का और ही अर्थ है और स्वामी जी भी जब मंत्र को शास्त्रसंबन्धि अर्थ में लेते हैं। तो कई प्रकार के अर्थ करते हैं कदाचित् स्वामी जी का अर्थ मान भी ले तो वह उनके अभिप्राय को अग्नि ईश्वर का नाम है नहीं खोलता क्योंकि यह दस्तूर की बात है कि देवता की स्तुति करने में सब प्रकार के विशेषण लाते हैं॥

स्वा॰ जी—अब पण्डित जी प्रमाणों की परीक्षा पर बहुत भूले हैं क्योंकि मैंने अग्नि शब्द से परमेश्वर के ग्रहण विषय में वेद मंत्रों के अनेक प्रमाण मंत्रभाष्य के आरम्भ में लिखे हैं उनका बिचार छोड़ कर मृग के समान आगे कूद कर चले गये हैं इस से मालूम होता है किपण्डित जी को मन्त्रों का अर्थ मालूम नहीं और विना इतनी विद्या के वे साधारण वा विशेष परीक्षा कैसे कर सकते हैं उन का यह भी लिखना ठीक नहीं कि इन प्रमाणों से स्वामी जी का अर्थ नहीं निकल सकता। अब विद्वान् लोग पंडित जी के लेख की परीक्षा करें अर्थात् वे लिखते हैं कि यह मालूम नहीं होता कि (इन्द्रं मित्रं॰) इस मंत्र में "उसको" शब्दकिस के लिये आया है, इत्यादि, तथा निरुक्तकार कहता है कि वह भौतिक अग्नि के लिये आया है इत्यादि, सो पण्डित जी को जानना चाहिये कि विना ज्ञान वेद-विद्या के उनकी परीक्षा करना बालकों का खेल नहीं इस ग्रन्थ में भी अग्निका पाठ दो वार है एक—

इन्द्रं मित्रं वरुणमग्निमाहुः॥
अग्निं यमं मातरिश्वानमाहुः॥

इस का अभिप्राय यह है कि अग्नि शब्द से दोनों अर्थों का ग्रहण होता है। अर्थात् भौतिक और परमेश्वर। तथा उसमें तीन आख्यात पद होने से तीनअन्वय होतेहैं अर्थात् अग्न्यादि नाम भौतिक अर्थमें और परमेश्वर अर्थ में भी दोअन्वयहोतेहैं॥

एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्त्यग्निम् ।

अर्थात् एक शब्द से परब्रह्म को विद्वान् लोग, अथवा वेदमंत्र अग्न्यादि नामों से अनेक प्रकार की स्तुति करते हैं तथा बसका निरुक्त जो दूसरे पृष्ठ में लिख दिया है उसका भी अर्थ पण्डित जी ने नहीं जाना क्योंकि वहां भी—

उत्तरे ज्योतिषी एतेन नामधेयेन भजेते ।

इस का यह अर्थ है कि अग्नि नाम करके पूर्वोक्त प्रकार से उत्तर ज्योति गृहीत होते हैं अर्थात् भौतिक और परमेश्वर इन दो अर्थों का ग्रहण होता है तथा (इममेवाग्निं०) इत्यादि इन दोनों अर्थों के अभिप्राय में है क्योंकि विना पठनाभ्यास के कोई कैसा ही बुद्धिमान् क्यों न हो गूढ़ शब्दों का यथावत् अर्थ जानने में उसको कठिनता पड़ जाती है इस मंत्र का अभिप्राय मैंने अच्छी तरह वेदभाष्य में प्रकाशित कर दिया था तिस पर भी पण्डित जी न समझे बड़े आश्चर्य की बात है कि विद्या के अभिमानी होकर ऐसी भ्रान्ति में गिर पड़ते और उन प्रमाण मंत्रों के यथार्थ अर्थ को उलटा समझते हैं क्या यह हठ की बात नहीं है कि विद्वान् कहा कर बार२ यही कहते चले जाना कि अग्नि शब्द से परमेश्वर का ग्रहण नहीं होता जैसे इस मंत्र के अर्थ में पण्डित जी भूल गये हैं वैसे ही (तदेवाग्नि०) जो इस में तैत्तिरीय आरण्यक का नाम लिखा उसके प्रकरण का अभिप्राय पण्डितजी ने ठीक २ नहीं जाना है क्योंकि वहां परमेश्वर का निरूपण और सृष्टिविद्या दिख लाई है जैसे वह परमेश्वर भूत भविष्यत् और वर्त्तमान तीनों काल में एक रस रहता है । अर्थात् जब २ जगत् हुआ था, है और होगा तब २ वह:—

तदक्षरे परमे व्योमन् ।

सर्वव्यापक आकाशवत् विनाश रहित परमेश्वर में स्थित होता है क्योंकि :-

येनावृतं खं च दिवं महीं च० ।

इत्यादि जिस ने आकाश सूर्य्यादि लोक और पृथिव्यादियुक्त जगत् को अपनी व्याप्ति से आवृत कर रक्खा है ।

येन जीवान् व्यवसर्ज भूम्याम् ।

जो कि जीवों को कर्मानुसार फलभोगने के लिये भूमि में जन्म देता है ॥

अतः परं नान्यदणीयमस्ति ।

जिस से सूक्ष्म वा बड़ा कोई पदार्थ नहीं है तथा जो सब से पर एक अद्वितीय अव्यक्त और अनन्तस्वरूपादि विशेषणयुक्त है ।

तदेवावर्त्तं तदु सत्यमाहुस्तदेव ब्रह्म परमं कवीनाम्।

वही एक यथार्थ नित्य एक चेतन तत्वमय है वही सत्य वही ब्रह्म तथा विद्वानों का उपास्य परमोत्कृष्ट इष्ट देवता है और (तदेवाग्नि०) अर्थात् वही परमेश्वर अग्न्यादि नामों का वाच्य है।

सर्वे निमेषा जज्ञिरे इत्यादि।

जिस से सब कालचक्रादि पदार्थ उत्पन्न हुए हैं तथा—

न संदृशे तिष्ठति रूपमस्य न चक्षुषा पश्यति कश्चिदेनम्।
हृदा मनीषा मनसाऽभिक्लृप्तो य एनं विदुरमृतास्ते भवन्ति।

अर्थात् उस परमेश्वर का स्वरूप इयत्ता से दृष्टि में नहीं आ सकता अर्थात् कोई उस को आंख से नहीं देख सकता किन्तु जो धार्मिक विद्वान् अपनी बुद्धि से अन्तर्यामी परमात्मा को आत्मा के बीच में जानते हैं वेही मुक्ति को प्राप्त होते हैं तथा जिस अनुवाक का पंडित जी ने नाम लिखा है उस का अभिप्राय और ही कुछ है अद्वैत शब्द का अर्थ उन की समझ में ठीक २ नहीं आया क्योंकि उन के मन में भ्रम होगा कि सिवाय परमेश्वर के जगत् में दूसरा पदार्थ कोई भी नहीं किन्तु परमेश्वर ही जगत्रूप बन गया है क्योंकि वे लिखते हैं कि तमाम ब्रह्माण्ड एक अंशमात्र है जिस से घोड़ा गौ और खटमल आदि निकले हैं इस से उन का अभिप्राय स्पष्ट मालूम होता है कि ब्रह्म ही सब जगत् बन गया है यह भ्रान्ति उन को वेदादि शास्त्रों के ठीक २ न जानने के कारण हुई है क्योंकि देखो अद्वैतशब्द परमेश्वर का विशेषण है कि जैसे एक २ मनुष्यादि जाति जगत् में अनेक व्याप्तिमय है वैसा परमेश्वर नहीं किन्तु वह तो सब प्रकार से एकमात्र ही है इसका उत्तर भूमिका अङ्क ४ पृष्ठ ९० की पंक्ति २० में मिलता है जैसे—

न द्वितीयो न तृतीयः।

इत्यादि में देख लेनां तथा—

पुरुष एवेदꣳसर्वं यद्भूतं यच्च भाव्यम्॥

इत्यादि मंत्रोंका अर्थ भूमिका अंक ५ के ११८पृष्ठ में (सहस्रशीर्षा०) इत्यादि की व्याख्या से ले कर अंक ६ के १२४ पृष्ठ की समाप्ति पर्यन्त देखने से इस का ठीक उत्तर मिल जायगा। और—

अग्निर्होता कविः क्रतुः०॥

इस के अर्थ विषय में जो पंडित जी को शंका हुई है कि अग्नि शब्द से ईश्वर कैसे लिया जाता है तो निरुक्त में कवि शब्द का अर्थ क्रान्तदर्शन अर्थात् सब को

जानने वाला है सो सिवाय परमेश्वर के भौतिक में कभी नहीं घट सकता क्योंकि भौतिक अग्नि जड़ है इस मंत्रका अर्थ वेदभाष्य के अंक १ पृष्ठ १६ में देख लेना (क्रतुः) सब जगत् का करने वाला (सत्यश्चित्रश्रवस्तमः) इत्यादि पदों का अर्थ वहीं देख लेना। जब आग्रह छोड़ के विद्या की आंख से मनुष्य देखता है तब उस को सत्यासत्य का ज्ञान यथावत् होता है और जब इस प्रकार की ठीक २ विद्या हो नहीं तो उस को सत्यासत्य का विवेक कभी नहीं हो सकता तथा निघं० अ० ३ खं १५ में मेधावी का नाम कवि लिखा है सो परमेश्वर के सिवाय भौतिक जड़ अग्नि में कभी नहीं घट सकता तथा यजुर्वेद अ० ४० मं ८०

सपर्यगाच्छुक्र० ।

इस मंत्रमें कविर्मनीषी इत्यादि लिखा है यहां भी कवि नाम सिवाय परमेश्वर के भौतिक जड़ अग्नि में कभी नहीं घट सकता। और ये सब प्रमाण मेरे अभिप्राय को ठीक २ सिद्ध करते हैं तथा पंडित जी का विशेष लेख मेरे लेख की परीक्षा तो नहीं कर सकता किन्तु उन की न्यूनविद्या की परीक्षा अवश्य कराता है॥

पं० महेश० —(ब्रह्म ह्यग्निः) जो कि आगे की संस्कृत में आता है। जैसे

अग्ने महां असि ब्राह्मण भारतेति० ॥

इस में अग्नि को ब्राह्मण कहा है क्योंकि अग्नि इस नियम से—

सर्वं खल्विदं ब्रह्म ।

ब्रह्म है और भारत इस लिये कहते हैं कि वह चढ़ाया हुआ पदार्थदेवताओं को पहुंचाता है शत० कां० १ ॥ अ० ४ ॥ ब्रा० ४ ० २ इस से मालूम होता है कि यह अग्नि शब्द का अर्थ नहीं किन्तु ब्राह्मण और भारत, अग्नि में लगाये हैं

आत्मा वा अग्निः ॥

यह श० कां० ७। अ०२ ।॥ ब्रा० ३ । कं० ४। के अगले प्रमाण में आया है जैसे।

यद्वेव चिते गार्हपत्येऽचित आहवनीये राजानं क्रीणाति। आत्मा वा अग्निः। प्राणः सोमः आत्मानं ततः प्राणं मध्यतो दधाति।

अर्थात् बाद रखने गार्हपत्य औरपूर्व रखने अग्नि के होम करने वाला सोमलता को मोल लेता है॥ क्योंकि आत्मा अग्नि है तथा प्राण नाम सोम का है और आत्मा के बीचमें प्राण रहते हैं॥ यहां आत्मा का अर्थ ईश्वर नहीं है किन्तु मनुष्यके जीव से मुराद है तथाअग्नि का नाम भी आत्मा अलंकार रूप से है

इसी लिये सोमलता प्राण का अर्थ लिया है अग्नि का अर्थ आत्मा नहीं है जैसे कि सोमलता का अर्थ प्राण है। ११ भी शतपथ ब्राह्मण से लिये गये हैं जिस में इस बात का नाम नहीं है कि अग्नि का अर्थ ईश्वर माना जावे किन्तु जहां से ये प्रमाण रक्खे हैं वे बराबर होमादि का विधान करते हैं और वे निस्संदेह केवल भौतिक अग्नि का अर्थ देते हैं दूसरा नहीं। ऐतरेयोपनिषद् के हैं अर्थात् १८ प्रमाण में ईश्वर का वर्णन प्राण, अग्नि, पञ्चवायु आदि से तथा १३ में ईशान संभू, भव, रुद्र आदि ये सब अर्थ उसी नियम पर हैं कि जिस का कथन कर चुके सब वस्तु ब्रह्म है इन प्रमाणों से भी स्वामी जी के कथन की पुष्टता नहीं होती १३ प्रमाण में अग्नि कहीं नहीं आया है। सिवाय (अग्निरिवाग्निना पिहितः) ब्रह्म को अग्नि शब्द के तुल्य करने से कि जो (अग्निरिव) से उत्पन्न होता है साफ़ मालूम होता है कि अग्नि और ईश्वर में बड़ा भेद है परन्तु बड़ा आश्चर्य है कि स्वामी जी इसी को अपना प्रमाण मानते हैं १४ ऐतरेय ब्रा० और शत० ब्राह्म० के हैं जो कह दिये गये॥

स्वा० जी—इस के आगे जो २ प्रमाण मैंने शतपथ के इस विषय में क्रम से धरे हैं उन को तो देखते विचारते नहीं परन्तु इधर उधर घूमते हैं विद्वानों का यह काम है कि उलट पुलट के आगे का पीछे और पीछे का आगे कर देवे (ब्रह्म ह्यग्निः) इस वचन से स्पष्ट मालूम होता है कि ब्रह्म का नाम अग्नि है तथा—

अग्ने महां असि ब्राह्मण भारतेति।

इस वचन के भी दूसरे अर्थ हैं क्योंकि वहां (सर्वं खल्विदं ब्रह्म) यह नियम कहीं नहीं लिखा।

ब्रह्म ह्यग्निस्तस्मादाह ब्राह्मण इति भारतेत्येष हि देवेभ्यो हव्यं भरति तस्मादाह भारतोऽग्निरित्याहुरेष उ वा इमाः प्रजाः प्राणो भूत्वा बिभर्त्ति तस्मादेवाह भारतेति।

इस कण्डिका का अर्थ पूर्वापर संबन्ध से पण्डित जी न समझे क्योंकि इस का अर्थ यह है कि हे अग्ने परमेश्वर आप (महान्) सब से बड़े हैं और बड़े होने से ब्राह्मण तथा सब प्रजा को धारण करने से भारत कहाते हैं और विद्वानों के लिये सब उत्तम पदार्थों का धारण करते हैं इस लिये भी आप का नाम भारत है। इस कंडिका के अर्थ से यथावत् सिद्ध होता है कि अग्नि भारत और ब्राह्मण ये नाम परमेश्वर के हैं और जो—

आत्मा वा अग्निः।

इस में अग्नि शब्द से परमेश्वर और भौतिक अग्नि का ग्रहण है इस से दोष नहीं आ सकता यही मेरा अभिप्राय है इस को पण्डित जी ठीक २ नहीं समझे और

तस्मादयमात्मन् प्राणो मध्यतः ॥

इस का यह अर्थ है कि (अयम्) यह होम करने वाला वा परमेश्वर का उपासक सब के बलकारक प्राण को शरीर में वा मोक्षस्वरूप अन्तर्यामी ब्रह्म के बीच में धारण करता है क्योंकि सब के प्राण सामान्य से परमेश्वर की सत्ता में ठहर रहे हैं इस से सब का आत्मा प्राण के बीच में है और मनुष्य के प्राण की अपेक्षा व्यवहार दशा में है परन्तु—

स उ प्राणस्य प्राणः ॥

इस केनोपनिषद् के विधान से परमेश्वर का नाम भी प्राण है इस से यहां आत्मन् शब्द से जीवात्मा और परमात्मा का ग्रहण है। और आत्मा का नाम अग्नि अलंकार से नहीं किन्तु संज्ञासंज्ञि संबन्ध से है क्योंकि उस प्रकरण में वैसे ही अग्निनाम से पूर्वोक्त दोनों अर्थ सिद्ध हैं और यज्ञादि कर्मों में परमेश्वर का ग्रहण सामान्य से आता है। सोम का नाम प्राण शतपथ में इसलिये है कि वह प्राण अर्थात् बल बढ़ाने का निमित्त है परमेश्वर का नाम सोम है सो पूर्वोक्त ऐतरेय ब्राह्मण के प्रकरण में सिद्ध है और जहां २ से प्रमाण लिखे हैं वहां २ सर्वत्र होमादि क्रिया उपासना और परमेश्वर का ग्रहण है परन्तु पण्डित जी लिखते हैं कि अग्नि नाम से भौतिक अर्थ का ही ग्रहण होता है यह केवल उन का आग्रह है इस का उत्तर पूर्व भी हो चुका। और—

प्राणोऽग्निः परमात्मेति।

यह मैत्र्युपनिषद् का प्रमाण भी यथावत् परमेश्वरार्थ को कहता है प्राण, अग्नि, परमात्मा, ये तीनों नाम एकार्थवाची हैं तथा आत्मा और ईशानादि भी संज्ञासंज्ञि संबन्ध में स्पष्ट हैं और सब वस्तु ब्रह्म है इस का उत्तर मैं पूर्व दे चुका हूं। पण्डित जी वेदादिशास्त्रों को न जान कर भ्रम से जगत् को ब्रह्म मानते हैं इस प्रकरण में प्राण, अग्नि और परमात्मा पर्य्यायवाचक लिखे हैं। उन का अर्थ विना विचारे कभी नहीं मालूम हो सकता क्योंकि (पञ्चवायुः) इस शब्द से पण्डित जी को भ्रम हुआ है इस में केवल व्याकरण का कम अभ्यास कारण है क्योंकि जिस में पांच वायु स्थित हों सो (पञ्चवायुः) परमेश्वर कहाता है और इस प्रकरण में (विश्वभुक्) आदि शब्द भी हैं इस से दोनों अर्थ वहां लिये जाते हैं॥

य एष तपति अग्निरिवाग्निना पिहितः। एष वा जिज्ञासितव्योऽन्वेष्टव्यः सर्वभूतेभ्योऽभयंदत्वाऽऽरण्यं गत्वाऽथ बहिः कृत्वेन्द्रियार्थान् स्वाच्छरीरादुपलभेतैनमिति विश्वरूपं

हिरण्मयं जातवेदसं परायणं ज्योतिरेकं तपन्तं सहस्ररश्मिः शतधा वर्त्तमानः प्राणः प्रजानामुदयत्येष सूर्यः। तस्माद्वा एष उभयात्मैवं विद्वात्मन्येवाभिध्यायत्यात्मन्येव यजतीति ध्यानम्।

जो परमेश्वर अग्नि और सूर्य के समान सर्वत्र तप रहा है जिस को सब विद्वान् लोग जानने की इच्छा करते और खोजते हैं तथा सब प्राणियों को अभयदान दे के विषयों में इन्द्रियों को रोक के एकान्त देश में समाधिस्थ हो कर इसी मनुष्य-शरीर में जिस को प्राप्त होते हैं वह परमेश्वर विश्वरूप है अर्थात् जिसका स्वरूप विश्व में व्याप्त हो रहा है और सब पापों को नाश करने वाला उसी से वेद प्रकाशित हुए हैं वह सब विश्व का परम अयन, ज्योतिःस्वरूप एक अर्थात् अद्वितीय, सूर्यादि को तपाने वाला असंख्यात ज्योतियुक्त अर्थात् सब विश्वमें असंख्यात गुण और सामर्थ्य से सह वर्त्तमान सब का प्राण अर्थात् सब प्रजाओं के बीच में ज्ञान स्वरूप से उदित और चराचर जगत् का आत्मा है उस परमेश्वर को जो पुरुष उभयात्मा अर्थात् अन्तर्यामी और परमेश्वर की आत्मा परमेश्वर ही को जानने वाला तथा अपने आत्मा में जगदीश्वर का अभिध्यान और समाधियोग से उस का पूजन करता है वही मुक्ति को प्राप्त होता है इसी प्रकार से—

उपलभेतैनमिति।

मनुष्य परमेश्वर को प्राप्त हो सकता है अन्यथा नहीं क्योंकि पण्डित जीने इस प्रकरण का अर्थ कुछ भी नहीं जाना इसी से विरुद्ध लेख किया इस प्रकार से यह प्रकरण मेरे लेख का मण्डन और पण्डित जी के लेख का खण्डनकरता है भौतिक अग्निऔर परमेश्वर में बड़ा भेद है यह मैंभी जानता औरमानता हूं परन्तु पण्डित जीने मेरे लेख में उन दोनों का भेद कुछ भी नहीं समझा यह बड़ा आश्चर्य है॥

पं० महेश०—(अग्निः पवित्रमुच्यते) पवित्र शब्द की खराबी लगीहै कि उसको पवित्र शब्द के अर्थ में लिया है। १८ मनु का है। इस स्थान में मैं कुछ अवश्य कहना चाहता हूं कि एक बड़ा भाग मनु का जो कि हिंदु धर्म का बयान करता है स्वामी जी उसके लौट डालने को अपनी और प्रेरणा अर्थात् रसूली समझते हैं। इसलिये मनु के प्रमाण रखने में उन की चतुराई नहीं समझी जा सकती। और धरा तो धरा करो परन्तु उससे भी सिद्ध नहीं हो सकता कि अग्नि ईश्वर का वाची है। जैसे सब दृष्ट अदृष्ट सृष्टि को परमेश्वर में स्थित देखना चाहिये आत्मा सर्व देवता हैं सब आत्मा में स्थित हो रहे हैं कोई कहते हैं कि वह अग्नि है कोई मनु अर्थात् प्रजापति कोई इन्द्र कोई प्राण और कोई२ उसको नित्य

बूझ कर के समझते हैं। वह मनुष्य जो परमात्मा को सब में व्यापक देखता है स्वीकार करता है कि सब समान हैं वह परमेश्वर में लवलीन हो जाता है।

सर्वमात्मनि संपश्येत्सच्चासच्च समाहितः। आत्मैव देवताः सर्वाः सर्वमात्मन्यवस्थितम्। एतमेके वदन्त्यग्निं मनुमन्ये प्रजापतिम्।

अब देखना चाहिये कि ये सब मंत्रों के प्रमाण स्वामी जी ने अग्नि शब्द के परमेश्वरार्थ में सिद्ध करने को दिये हैं सो कैसे वृथा हैं॥

स्वा० जी—(अग्निः पवित्रमुच्यते) इस का उत्तर हम देचुके और मनु के प्रमाण के विषय में पण्डित जी का लेख विपरीत है क्योंकि जो आर्य्यों का वेदोक्त सनातन धर्म है उस को पण्डित जी के समान विचार करने वाले मनुष्यों ने उलटा दिया है उस उलटे मार्ग को उलटा कर पूर्वोक्त सत्यधर्म का स्थापन मैं किया चाहता हूं। इस से मेरी चतुराई तो ठीक हो सकती है परन्तु पण्डित जी की चतुराई ठीक नहीं समझी जाती क्योंकि मनु के प्रमाण का अभिप्राय पंडित जी ने कुछ भी नहीं समझा।

प्रशासितारं सर्वेषां०।

इसपूर्वोक्त से पुरुष अर्थात् परमेश्वर की अनुवृत्ति—

एतमेके वदन्त्यग्निम्०।

इस श्लोक में बराबर आती है तथा—

अपरे ब्रह्म शाश्वतम्।

इस बचन से भी ठीक २ निश्चय है जिस का नाम परमेश्वर और ब्रह्म है। उसी के अग्न्यादि नाम भी हैं। इस सुगम बात को भी पंडित जी ने नहीं समझा यह बड़े आश्चर्य की बात है और—

सर्वमात्मनि संपश्येत्सच्चासच्च समाहितः। सर्वं ह्यात्मनि संपश्यन्नाधर्मे कुरुते मनः॥ १॥ आत्मैव देवताः सर्वाः सर्वमात्मन्यवस्थितम्। आत्मा हि जनयत्येषां कर्मयोगं शरीरिणाम्॥ २॥ एवं यः सर्वभूतेषु पश्यत्यात्मानमात्मना। स सर्वसमतामेत्य ब्रह्माभ्येति परं पदम्॥ ३॥

इन श्लोकों से पण्डित जी ने ऐसा अर्थ जाना है कि परमेश्वर ही सब देवता हैं और सब जगत् परमेश्वर में स्थित है यह पण्डित जी का जानना बिलकुल मिथ्या है क्योंकि इन श्लोकों से इस अर्थ को नहीं सिद्ध करते (समाहितः) इस पद को अशुद्ध करके (समाहितम्) यह पण्डित जी ने लिखा है। जो सावधान पुरुष असत्कारण और सत्कार्य्यरूप जगत् को आत्मा अर्थात् सर्व व्यापक परमेश्वर में देखे वह कभी अपने मन को अधर्मयुक्त नहीं कर सकता क्योंकि वह परमेश्व को सर्वत्र जानता है ॥ १ ॥ आत्मा अर्थात् परमेश्वर ही सब व्यवहार के पूर्वोक्त देवताओं का रचने वाला और जिस में सब जगत् स्थित है वही सब मनुष्यों का उपास्य देव तथा सब जीवों को पाप पुण्य के फलों का देने हारा है ॥ २ ॥ इसी प्रकार समाधियोग से जो मनुष्य सब प्राणियों में परमेश्वर को देखता है वह सब को अपने आत्मा के समान प्रेमभाव से देखता है। वही परमपद जो ब्रह्म परमात्मा है उस को यथावत् प्राप्त हो के सदा आनन्द को प्राप्त होता है ॥ ३ ॥ अब देखना चाहिये मेरे वेदभाष्य पर विना समझे जो पंडित जीने तर्क लिखे हैं वे सब मिथ्या हैं क्या इस बात को सब सज्जन लोग ध्यान देके न देख लेंगे ॥

पं० महेश०—फिर स्वामी जी लिखते हैं कि अग्नि परमेश्वर सर्वत्र सर्वशक्ति-मान् न्यायकारी पिता पुत्र के समान मनुष्य को उपदेश करता है कि हे जीव तू इस प्रकार कहो कि मैं अग्नि परमेश्वर की स्तुति करता हूं तिस पर जीव कहता है कि मैं अग्ने ईश्वर की स्तुति करता हूं जो कि सर्वज्ञ, शुद्ध, अविनाशी, अजन्मा, आदि अन्त रहित, सर्वव्यापक, सृष्टिकर्त्ता और स्वयंप्रकाशस्वरूप है दूसरे को नहीं इस विषय में स्वामी जी कोई प्रमाण नहीं देते हैं। संसार स्वामी जी को इस प्रेरणा के बताने का ऋणी है। परन्तु उनकी ऐसी मधुरता से अपने भाष्य में लेख करना उचित नहीं। अब (अग्निमीडे़०) पुरोहित शब्द को देखना चा-हिये स्वामी जी अर्थ करते हैं वह जो जीवों का पालन और रक्षा करता तथा हर एक को उत्पन्न करके सत्य विद्या का उपदेश करता और अपने उपासकों के हृदय में प्रेम भक्ति का प्रकाश करता है। स्वामी जी हित शब्द को डुधाञ् धातु से बनाते हैं जिस से आगे क्त है इस में वह निरुक्त का प्रमाण धरते हैं:—

पुरोहितः पुर एनन्दधाति० ।

यह नहीं समझा जा सकता कि स्वामी जी पुरोहित शब्द से अपने अर्थ कैसे निकालते हैं व्याकरण की रीति से इस हित शब्द के अर्थ आगे रक्खे के हैं स्वामी जी लेते हैं कि जो कुछ रखता है। व्याकरण की रीति से हित शब्द डुधाञ् धातु का कर्माधार गौणक्रिया है सकर्मक गौण क्रिया नहीं स्वामी जी उसे व्याकरण के

सूत्र सिद्ध करदें परन्तु इस बात का दावा किया जा सकता है कि हित शब्द किसी उदाहरण से सकर्मक गौण क्रिया सिद्ध नहीं कर सकते।

स्वा॰ जी—जो अग्नि नाम परमेश्वर का लिखा है उस के प्रमाण उसी मंत्र के भाष्य में यथावत् लिखे हैं वहां ध्यान दे कर देखने से मालूम हो जांयगे। तथा पुरोहित शब्द पर जो मैं ने प्रमाण वा उसका अर्थ लिखा है सो भी वहां देखने से ठीक २ मालूम होगा कि जैसा व्याकरण और निरुक्तादि से सिद्ध है। पण्डित जी पुरोहित शब्द को कर्मवाच्य कृदन्त मानते हैं किन्तु कर्तृवाच्य कृदन्त नहीं यह उनका कथन कैसा है कि जैसा प्रमत्तगीत अर्थात् किसीने किसी से प्रयाग का मार्ग पूछा उसने उत्तर दिया कि वह द्वारिका का मार्ग सूधा जाता है। पुरोहित शब्द के साधुत्व में यहां व्याकरण का यह सूत्र उपयोगी है—

आदिकर्मणि क्तः कर्त्तरि च। अष्टा॰ अ॰ ३। पा॰ ४ सू॰ ७१।

इस से आदिकर्मविषयक जो क्त प्रत्यय है वह कर्त्ता में सिद्ध है क्योंकि सकल पदार्थों का उत्पादन और विज्ञानादि दान अर्थात् वेदद्वारा सकलपदार्थविज्ञान करा देना यह परमेश्वर का आदि कर्म है इस के न होने से सत्यासत्य का विवेक और विवेक के न होने से परमेश्वर को जानना और परमेश्वर के न होने से उस की भक्ति होना ये सब परस्पर असंभव है। निरुक्तकार ने भी पुरोहित शब्द में डुधाञ् धातु से कर्त्ता में क्त प्रत्यय मान कर परमेश्वर का ग्रहण किया है वहां ग्रन्वयादेश इसी अभिप्राय में है कि परमेश्वर सब जगत् को उत्पन्न करके उस का धारण और पोषण करता है उसी परमेश्वर को संसारी जन इष्ट देव मान कर अपने आत्माओं में धारण करते हैं देखिये वेदों में अन्यत्र भी—

विश्वस्मा उग्रकर्मणे पुरोहितः। ऋ॰ मं॰ १। सू॰ ५५। मं॰ ३।

यह उदाहरण भी प्रत्यक्ष है। और जो पण्डितजी (पद्दे वापिः॰) इस मंत्रमें पुराणकी झूठी आख्यायिका कहते हैं। उनकीबड़ी भूल है क्योंकि उनको इसमंत्र के अर्थ की खबर भी नहीं है और जो इस केऊपर निरुक्त लिखा है उसकाभी ठीक२ अर्थ नहीं जानते। क्योंकि पण्डित जी ने शंतन शब्द से भीष्म जी का पिता समझ लिया है जो शंतनु शब्दका निरुक्त में अर्थ लिखा है उस की खबर भी नहीं है।

शंतनुः शंतनोस्त्विति वा शमस्मै तन्वा अस्त्विति वा।

जिस का यह अर्थ है कि (शं) कल्याणयुक्त तनु शरीर होता है जिस से वह परमेश्वर शंतनु कहाता है और जिस शरीर से जीव कल्याण को प्राप्त होता है इस लिये उस जीव का नाम भी शंतनु है इस से पण्डित जी ने इस में जो कथा लिखी सो सब व्यर्थ है॥ ११॥

अब यज्ञ शब्द पर पण्डित जी लिखते हैं कि यज्ञ और देव शब्दको मिला करके लिया है सो बात नहींहै क्योंकि यह लेख और यंत्रालय का दोष है(यज्ञस्य) यह शेषिकी षष्ठी है पुरोहित, देव, ऋत्विक्, होता और रत्नधातम ये सब यज्ञ के सम्बन्धी हैं और अग्निके विशेषण हैं। यज्ञ शब्दका अर्थ जैसा भाष्य में लिया है वैसा समझ लेना चाहिये और निरुक्तकार भी वैसा ही अर्थ लेते हैं क्योंकि प्रख्यात अर्थात् प्रसिद्ध जो तीन प्रकार का वेदभाष्य में यज्ञ लिखा है वह निरुक्तकार के प्रमाण से युक्तहै और जो गो शब्दका दृष्टान्त दिया सो भी नहीं घट सकता क्योंकि प्रकरण, आकाङ्क्षा, योग्यता, आसक्ति, तात्पर्य्य, संज्ञा, आदि कारणों से शब्दका अर्थ लिया जाता है और जो देव शब्दके विषय में पंडितजी ने लिखा है कि स्वामीजी ने जय की इच्छा करने वाले कहां से वा कैसे लिये हैं इस का उत्तर यह है कि दिवु का धात्वर्थ विजिगीषा भी है और जो यज्ञ में विघ्नकारक दुष्ट प्राणी और कामक्रोधादि शत्रु हैं उन का जीतनेवाला वही परमेश्वर देव है क्योंकि विविध यज्ञ का रक्षक इष्ट और पूज्यदेव परमेश्वर हीहै॥

पुरोहितो व्याख्यातो यज्ञश्च।

इस के अर्थ में पंडितजी की बहुत भूल है क्योंकि निरुक्तकार कहते हैं कि हमने पुरोहित और यज्ञ शब्दकी पूर्व व्याख्या करदी है और पंडितजी कहते हैं कि निरुक्तके तीसरे अध्याय के १६ खण्ड में यज्ञ शब्दको व्याकरण से सिद्ध किया है सो झूठा है क्योंकि वहां अर्थ की निरुक्तिमात्र कही है सिद्धि कुछ भी नहीं और जो निघण्टु के अ० ३ ख० १७ प्रमाण से यज्ञ के अनेक नाम लिखे हैं कि बहुधा वे होमादिकके विधान में आते हैं और स्वामीजी के अर्थों में उनमें सेएक भी नहीं मिलता यह बात पंडितजी की भ्रांतियुक्त है क्योंकि उन १५ नामों का अर्थ मेरे अर्थ के साथ बराबर मिलता है क्योंकि मैंने यज्ञ शब्दका अर्थ त्रिविध लिया है इस के साथ उन को मिला कर देखो और पंडितजी निरुक्तकार के विषय में कहते हैं कि देव शब्द के अर्थ देनेवाला प्रकाश करनेवाला और स्वर्ग में रहनेवाला ये तीन ही हैं इस देव शब्द विषयक निरुक्त का अर्थ भूमिका के तीसरे अङ्कके ६२ पृष्ठ को ५ पंक्तिसे देख लेना चाहिये। निरुक्त कार—

यो देवः सा देवता०

इत्यादि जो पांच अर्थ लेते हैं उन को पंडितजी ठीक ठीक नहीं समझे कि निरुक्तकार कितने अर्थ लेते हैं इसमें पण्डितजी की परीक्षा हुई कि वे निरुक्तकार का अभिप्राय ठीक नहीं जानते हैं॥

पं० महेश०-इसी प्रकार स्वामीजी ऋत्विजं, ० होतारम्, और रत्नधातमं शब्दों के कई २ अर्थ अद्भुत रीति से करते हैं परन्तु क्योंकि उनकी भूल यज्ञस्य, देवं शब्दों में सिद्ध कर चुका हूं। इसलिये विशेष लिखना वृथा है (स्वा० जी) (ऋत्विजं०) का अर्थ करते हैं कि जिसकी सब ऋतुओं में पूजा की जाय परन्तु सब के प्रामाणिक अर्थ इस शब्दके चढ़ाने वाले अर्थात् भेट करने वाले के हैं और न कि जिस को भेट चढ़ाई जाय यह बात भी निरुक्तकी साक्षी से सिद्ध है कि जिस का स्वामीजी भी प्रमाण मानते हैं॥

स्वा०जी-अब पंडितजी ऋत्विक् शब्द पर लेख करते हैं सोभी ठीक२ नहीं वे समझे

कृत्ल्युटो बहुलम्।

इस वार्तिक का अर्थ भी नहीं समझे क्योंकि इस वार्तिक में कृत्संज्ञक प्रत्यय कर्म में भी उन शब्दों में माने जाते हैं जोकि वेदादि सत्य शास्त्रों में प्रयुक्त हों इसलिये इस वेदभाष्य में जो इस का अर्थ लिखा गया है सो व्याकरण से सिद्ध है परन्तु पंडितजी ऋत्विज् शब्द का अर्थ नहीं समझे॥

पं० महेश०- स्वामीजी (होतारं) शब्दके जो कई अर्थ करते हैं उन में से एक (आधातारं) अर्थात् ग्रहण करनेवाले के हैं यह भिन्नपद है कि जिन से यह अर्थ लिये जाते हैं (होतारं) जो(हु) से बनता है जिस के अर्थ अगले नियम धातुपाठ के से (अदन) होते हैं और इस ग्रन्थ को स्वामीजी मानते हैं जैसे॥

हुदानादनयोरादानेचेत्येके।

(हु)धातु के अर्थ दान अदन और किसीके मतमें आदान अर्थात् ग्रहण करना अदन का अर्थ ग्रहण वा आदान अर्थ ग्रहण करना है। वेदान्तदर्शन का एक सूत्र है।

अत्ता चराचरग्रहणात्।

इस प्रमाण से सिद्ध होता है कि अदन का अर्थ ग्रहण करना है। और फिर धातुपाठ के उसी नियम से सिद्ध होता है कि अदनशब्दजो उस में आया है उस के अर्थ आदान के नहीं हो सकते किन्तु उस के अर्थ कुछ और ही हैं नहीं तो उक्तनियम के अनुसार (आदाने चेत्येके) कैसे बन सकता। किसी के मत में हु धातु का अर्थ भी आदान होता है इस से मालूम हो गया कि धातुपाठकार ने अदन आदान अर्थ में लाने का कभी ख्याल भी नहीं किया। अर्थात् उस अर्थ में कि जिस में स्वामीजी ने लिया है ! इस सूत्र में कदाचित् स्वामीजी इस बात को सिद्ध करसकें कि अदन आदान के अर्थ में आता है तो यह वेदान्त दर्शन का सूत्र ही हो यह माना फिर भी वह धातुपाठ के नियम की दृष्टि में नहीं

लग सकता । तथा पण्डितजी के प्रमाण की पुष्टि कभी नहीं कर सकता । अब
इसलिये इस बात के कहने की आवश्यकता नहीं है कि वेदान्त सूत्र भी जिस
को कि स्वामीजी मानते हैं अदन को आदान अर्थ में सिद्ध नहीं कर सकता है यह
तमाशे की बात है कि स्वामीजी ने हु धातु से अर्थ लेने की अनेक युक्तियां घूम २
कीं परन्तु न मालूम स्वामीजी होतार शब्द का अर्थ ग्रहण करने वा लेने में ऐसे
अधीर क्यों हो गये । निस्सन्देह ग्रहण करने का जो गुण है सो ईश्वर में कभी
नहीं लग सकता । अब मैं स्वामीजी के एक ईश्वर प्रतिपादन विषय की परीक्षा
कर चुका कि जिस को पढ़नेवाले समझ लेंगे ॥

स्वामी जी—अब होता शब्दपर पण्डितजी के लेख की परीक्षा करता हूं
पण्डित जी को यह शंका हुई है कि अदन का अर्थ जब ग्रहण लेंगे तब आदान
व्यर्थ होजायगा परन्तु इस में यह बात समझी जाय कि जब होता शब्द परमेश्वर
का विशेषण है तब क्या किसी मनुष्य को शंका न होगी कि परमेश्वर भी अत्ता
होने वाला होने से जगत् का भक्षणकारक होगा इस की निवृत्ति के लिये
आदान का अर्थ धारण किया है जो इस के तीन अर्थ हैं उन में से प्रथम अर्थ को
ले कर होता शब्दके अर्थ ईश्वर को जगत् का भक्षण करनेवाला कोई मनुष्य
न माने क्योंकि ईश्वर में यह अर्थ नहीं घट सकता । जो निराकार और
सर्वव्यापक है वह भक्षणादि कैसे कर सकता है हां धारण शक्ति से व्यापक होके
ग्रहण अर्थात् धारण तो कर रहा है । इसलिये इस शंका का निवारण इस अर्थ
के बिना नहीं हो सकता। और जो पंडितजी ने लिखा कि धातुपाठ के कर्त्ता का
यह अभिप्राय नहीं है सो भी पं० जी की समझ उलटी है क्योंकि जब (हु) धातु
का केवल ईश्वरार्थं के साथ ही प्रयोग हो और अन्यत्र न हो तब यह दोष (देव-
दत्तो भोजनं जुहोत्यत्तीत्यर्थः) ऐसे वाक्य में (अदन) शब्दभक्षण के अर्थ में ही
आता है।इस अभिप्राय से पाणिनिमुनिने(हु)धातु तीन अर्थों में लिखा है(आदाने
चेत्येके) इस के कहने से स्पष्ट मालूम होता है कि धातुपाठकार के मत में(हु)
धातु दान और अदन इन दोनों अर्थों में है। और अदन अर्थ से भक्षण तथा आदान
दोनों ले लिये जावेंगे । परन्तु कोई आचार्य आदान को पृथक् मानते हैं । धातु-
पाठकार नहीं । इसीलिये आदानअर्थ का पृथक् ग्रहण किया है । इससे जानलो
धातुपाठकार का यह ध्यान होता तो स्वयं दान और अदन में आदान का पाठ
क्यों नहीं करलेते । इस से धातुपाठ की वृत्ति में ठीक २ मेरा अभिप्राय मिलता
और मेरे ही अर्थ की पुष्टि करता है । पं० जी की नहीं । इसीप्रकार वेदान्त
का सूत्र भी मेरे अर्थ की पुष्टि करता है । पण्डितजी की कुछ भी नहीं क्योंकि
(अत्ता) शब्दको ग्रहण करनेवाले के अर्थ में वेदान्तसूत्रकार का अभिप्राय है ।

(आदान) शब्द के अर्थ के लिये नहीं क्योंकि आदान शब्दतो स्वयं ग्रहण करने अर्थ में है इसलिये इस सूत्र आदि प्रमाणों के बिना (अत्ता) शब्द को ग्रहणार्थ में कोई कभी नहीं ला सकता । यह बड़े आश्चर्य को बात है कि पं० जी अपनी निर्मूल बात को समूल करने के लिये बहुत से यत्न करते हैं परन्तु क्या झूंठा सच्चा और सच्चा झूंठा कभी हो सकता है । इतने ही लेख से पण्डित जी की विद्या की परीक्षा विद्वान् लोग करलेवें । और पण्डित महेशन्यायरत्नजी कीसंस्कृत में विद्वत्ता कितनी है इस को समझ लेवें कि इन्होंने क्या केवल विद्याहीन पौराणिक लोगों को वेदार्थ विरुद्धटीका और वैसेही अंग्रेजी में जो वेदोंपर मूलार्थ विरुद्ध उलटे तरज में हैं उनके सिवाय ब्रह्माजी से लेके जैमिनि मुनि पर्य्यन्त के किये वेदोंके व्याख्यान ग्रंथों को कुछभी कभीदेखा वा समझा है नहींतो ऐसी व्यर्थ कल्पना क्योंकरतेहां मैं कह सकता हूं कि:—

न वेत्ति यो यस्य गुणप्रकर्षं स तस्य निन्दां सततं करोति ।
यथा किरातः करिकुम्भजाता मुक्ताः परित्यज्य बिभर्त्ति गुञ्जाः॥

चोर कोटपालको दण्डे अर्थात् जो सच्चे को झूंठा दोष लगाते हैं । वे ऐसे दृष्टांत के योग्य होते हैं कि जो जिस के उत्तम गुण नहीं जानता । वह उस की निन्दा निरन्तर करता है । जैसे कोई जङ्गलीमनुष्य गजमुक्ताओं को हाथ में लेकर उनको छोड़ के घुंघुचीका हार बनाकर गले में पहन कर फूला २ फिरे वैसे जिन्होंने मेरे बनाये भाष्य पर विरुद्ध बात लिखी हैं क्या इस पत्र को जो २ बुद्धिमान् लोग देखेंगे वे जैसी उन की पण्डिताई की खंडबंड दशाको न जान लेंगे परन्तु मैं यह प्रसिद्ध विज्ञापन देता हूं कि ग्रीफिथ साहब आदि अंग्रेज पं० गुरुप्रसाद और महेशचन्द्र न्यायरत्नजी और मैं कभी संमुख बैठ कर वेदविषय में वार्त्तालाप करें तब सब को विदित हो जावे कि इन विरुद्धवादियों को वेद के एक मूलमंत्र का भी अर्थ ठीक२ नहीं आता यह बात सबको विदितहोजावे मैं चाहता हूं कि ये लोग मेरे पास आवें वा मुझको अपने पास बुलावें तो ठीक२विद्या और अविद्या का निश्चय होजावे कि कौन पुरुष वेदों को यथार्थ जानता है और कौन नहीं क्योंकि:—

विद्यादम्भः क्षणस्थायी

सब का दम्भ कुछदिन चलताजाता परन्तु विद्याकादम्भ क्षणमात्रमें छूटजाता है।

इति श्रीमद्दयानन्द सरस्वती स्वामिकृतशंकासमाधानयुक्तपत्रं पूर्तिमगात् ॥ संवत् १९३४ कार्तिक शुक्ला २ ॥